विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, डाइनिंग टेबल, ड्रेसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 269 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 29 जून 2024 डाक 30 जून 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
अमरनाथ यात्रा 2024 के पहले जत्थे के लिए श्रद्धालुओं को लेकर एक बस जम्मू से रवाना हुई



**देश-विदेश**
दिल्ली और जबलपुर की घटनाओं के बाद एक्शन में सरकार



**फीचर पेज**
मेकअप के कई उत्पादों का विकल्प बन सकता है लिप ग्लॉस, जानिए इस्तेमाल के तरीके



# राजधानी में एक दिन की बारिश बनी काल, जनजीवन अस्त-व्यस्त

## चार की मौत और 70 से अधिक घायल

**नईदिल्ली, 29 जून [एजेंसी]।**

मानसून की पहली वर्षा में राष्ट्रीय राजधानी में विभिन्न एजेंसियों की नाकामी के चलते एक वयक्ति की मौत हो गई। इसी तरह, जलभराव व वर्षा संबंधित विभिन्न घटनाओं में 70 से अधिक लोग घायल हुए, जिन्हें उपचार के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। वहीं, लुटियंस दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों के साथ सैन्य अधिकारी, केंद्रीय अधिकारी व उद्योगपतियों का बंगले भी जलभराव की जद में आ गए। उनके घरों में दो से तीन फीट तक पानी जमा हो गया। स्थिति यह कि सपा के वरिष्ठ नेता व सांसद राम गोपाल यादव अपने घर से असाधारण स्थिति



में कर्मचारियों की गोद में बैठकर कार तक पहुंचकर संसद तक पहुंचे। ऐसी ही स्थिति कई अन्य सांसदों के साथ उत्पन्न हुई। कुछ दिन पूर्व तक पानी के लिए धरने पर बैठीं दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का घर भी वर्षा व सीवर के पानी से लबालब हो गया। हर ओर जलभराव का कोहराम था। दूतावास, उच्चायोग व राज्यों की भवनों के लोग त्राहिमाम करते दिखे। स्थिति यह कि राहत व बचाव अभियान में एनडीआरएफ को भी उतरना पड़ा। इसके साथ ही संसद के आस-पास की सड़कें तक जलमग्न थी तो संसद के भीतर दिल्ली के जलभराव की चर्चा रही।राजधानी में विभिन्न एजेंसियों की नाकामी का खामियाजा दिल्ली वालों को झेलना पड़ रहा है। प्रगति मैदान टनल व मिंटो ब्रिज के साथ 10 से अधिक अंडरपासों में पांच से सात फीट तक पानी भर गया, जिससे न सिर्फ यातायात थम गया, बल्कि उसमें 20 से अधिक गाड़ियां डूब गईं। इसी तरह, विभिन्न मार्गों पर तीन से चार फीट के जलभराव से 100 से अधिक डीटीसी की बसें, ट्रक, कारें व दो पहिया वाहन फंस गए, जिसके चलते जाम की समस्या और भीषण हो गई। कई स्थानों पर पेड़ व गिरे बिजली के खंभों ने यातायात संबंधित परेशानी बढ़ाई। जिसके चलते कइयों की ट्रेनें व हवाई यात्रा छूटी तो कई एंबुलेंस में मरीजों की सांसें अटकी रही। राजधानी की अधिकतर सड़कों पर दिनभर जाम की स्थिति रही। जीटी करनाल हाई-वे पर तीन से चार किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। विकास मार्ग लक्ष्मी नगर से लुटियंस दिल्ली तक घंटों जाम से थमा रहा। ऐसे में कई लोग पैदल ही आगे का सफर तय करते दिखे। कई जगहों पर सड़कें भी धंस गईं।वसंत विहार के पास सड़क पर पांच फीट से अधिक का गड्ढा हो गया। इसके साथ ही बिजली का पोल गिरने से दिल्ली के कई इलाकों में घंटों बिजली बाधित रही। बृहस्पतिवार शाम से शुक्रवार शाम तक एमसीडी को 33 स्थानों पर जलभराव तथा 11 स्थानों पर पेड़ गिरने की शिकायतें मिली।

वहीं, पीडब्ल्यूडी के पास जलभराव की 150 से अधिक शिकायतें हुईं। इस दौरान एमसीडी व पीडब्ल्यूडी समेत अन्य एजेंसियों ने सड़क पर उतरकर पंपों के सहारे पानी निकासी की व्यवस्था करते दिखे, जबकि यातायात पुलिस कर्मी जाम खुलवाने के साथ ही बंद पड़े वाहनों को हटवाते नजर आए। वसंत विहार में एक निर्माणाधीन मकान का हिस्सा बेसमेंट में गिरने से चार मजदूर दब गए। पुलिस, एनडीआरएफ, दमकल सहित अन्य टीमों ने बचाव अभियान चलाया। बेसमेंट में करीब नौ फीट तक पानी भरे होने की वजह से देर शाम तक मजदूरों की स्थिति पता नहीं चल सकी। उधर, किराड़ी में करंट लगने से एक राहगीर की मौत हो गई। भारी वर्षा से जानवर भी अछूते नहीं रहे। चिड़ियाघर के बाड़े में पानी भरने से वन्य जीव फंस गए। उन्हें बचाने के लिए चिड़ियाघर प्रशासन का बचाव अभियान देर शाम तक जारी रहा।

# पीएम मोदी आम सहमति का उपदेश तो देते, लेकिन टकराव को भी बढ़ाते हैं, सोनिया गांधी ने लेख में बोला हमला



**रायपुर, 29 जून [एजेंसी]।**

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने अपने एक लेख से पीएम मोदी पर निशाना साधा है। एक प्रमुख अंग्रेजी अखबार में लिखे संपादकीय में सोनिया गांधी ने लिखा, पीएम मोदी संसद में आम सहमति की बात तो करते हैं, लेकिन वो खुद टकराव को बढ़ावा देते हैं। सोनिया ने आगे लिखा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि प्रधानमंत्री लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों को समझे हैं सहमत हैं और उन्होंने मतदाताओं के संदेश पर गौर किया है। सोनिया गांधी ने अपने लेख में संसद सत्र के संचालन के तरीके पर भी सवाल उठाए और निराशा व्यक्त की। सोनिया ने लिखा, 18वीं लोकसभा की शुरुआत में ही संसद में मतभेद देखा गया और किसी को भी साथ लेकर नहीं चला गया। पीएम आम सहमति की बात तो करते हैं, लेकिन टकराव को भी बढ़ावा देते हैं। संसद में बीते दिनों विपक्ष ने नीट मामले पर बहस के लिए बड़ा हंगामा किया था, लेकिन सोनिया गांधी ने अपने लेख से साफ कर दिया है कि वो सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा को तैयार होगा। सोनिया के इस लेख को रेखांकित करते हुए, राज्यसभा में विपक्ष के नेता और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने हाल के संसदीय चुनावों में मतदाताओं द्वारा दिए गए संदेश पर चिंतन न करने का आरोप लगाया।

2024 के आम चुनाव में भाजपा की सीटें काफी कम हुई है। भाजपा की जीत की संख्या 2019 की 303 सीटों और 2014 में जीती गई 282 सीटों से काफी कम है। दूसरी ओर कांग्रेस ने 2019 में 52 और 2014 में 44 सीटों की तुलना में 99 सीटें जीतकर मजबूत वृद्धि दर्ज की।

# रिश्वतखोरों के खिलाफ एक्शन में छत्तीसगढ़ सरकार घूस लेते हुए पकड़े गए दो पटवारी, एसीबी ने की कार्रवाई

**रायपुर, 29 जून [एजेंसी]।**

एंटी करप्शन ब्यूरो ने दो पटवारियों को भ्रष्टाचार के मामले में पकड़ा। वहीं, रिश्वत मांग रहे पटवारी का वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित होने पर उसे निलंबित कर दिया गया है। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के हल्का नंबर-11 के पटवारी विवेक परगनिहा को किसान किशोर दास से चार हजार रुपये की रिश्वत लेते एसीबी ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

पटवारी ने किसान से नामांतरण के लिए 20 हजार रुपये मांगे थे। रकम देने में असमर्थ किसान ने रायपुर पहुंचकर एसीबी से शिकायत की थी। इसके बाद सुबह 11 बजे



किसान किशोर दास पटवारी विवेक परगनिहा के पास पहुंचा। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार नामांतरण के लिए किसान ने पटवारी को चार हजार रुपये की रिश्वत दी, जिसके बाद एसीबी की टीम ने पटवारी रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया।

### एसडीएम ने किया निलंबित.....

नगर पंचायत खरौद में राशन कार्ड के लिए प्रतिवेदन में हस्ताक्षर करने के लिए पटवारी द्वारा तीन सौ रुपये रिश्वत मांगे जाने का वीडियो प्रसारित होने के मामले में एसडीएम ने पटवारी पदुम लाल भगत को निलंबित कर दिया। हितेश साहू को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, पांच महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत, राष्ट्रपति ने जताया शोक



**विरूधुनगर, 29 जून [एजेंसी]।**

विरुधुनगर जिले के सत्तूर के पास एक पटाखा शनिवार को विस्फोट गया। इसमें 5 महिलाओं सहित 8 मजदूरों की मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज एक किलोमीटर दूर सुनाई थी। वहीं मजदूरों को भी भागने का मौका नहीं मिला। यह फैक्ट्री शिवकाशी के सेंगमालापट्टी में स्थित है। जानकारी के अनुसार, जिस समय फैक्ट्री में हादसा हुआ, उस समय 10 लोग काम कर रहे थे। इसमें से एक ही हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। फिलहाल आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।

### राष्ट्रपति ने जताया शोक......



*इस घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा कि तमिलनाडु के शिवकाशी के पास एक पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट के कारण कई लोगों की जान जाने की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हू और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।*

# सरकारी स्कूलों में एडमिशन के नाम पर बड़े फर्जीवाड़े का भंडाफोड़

## 4 लाख नकली छात्रों के मामले में सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर



**नईदिल्ली, 29 जून [एजेंसी]।**

हरियाणा के सरकारी स्कूलों में एडमिशन को लेकर फर्जीवाड़े के मामले में सीबीआई अब एक्शन मोड में आ गई है। 2016 में पकड़े गए चार लाख फर्जी छात्रों के मामले में एजेंसी ने एफआईआर दर्ज कर ली है। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के 2 नवंबर 2019 के आदेश पर मामला सीबीआई को सौंप दिया गया था। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और दावा किया था कि जांच के लिए भारी जनशक्ति की आवश्यकता हो सकती है और जांच राज्य पुलिस को दी जानी चाहिए।

हाईकोर्ट को 2016 में सूचित किया गया था कि आंकड़ों के सत्यापन से पता चला है कि सरकारी स्कूलों में विभिन्न कक्षाओं में 22 लाख छात्र थे, लेकिन वास्तव में केवल 18 लाख छात्र ही पाए गए और चार लाख फर्जी दाखिले थे। अदालत को यह भी बताया गया कि समाज के पिछड़े या गरीब तबके के छात्रों को स्कूलों और मिड डे मील योजना में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कुछ लाभ दिए जा रहे हैं।

## एनआईए ने कांकेर से 2 लोगों को किया गिरफ्तार

*__कांकेर__ । राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने देर रात कांकेर जिले में छापेमारी की है। एनआईए की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर दबिश देकर गहन तलाशी ली। इस दौरान एनआईए ने दो लोगों की गिरफ्तारी की है। साथ ही मोबाइल, प्रिंटर, नगदी और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किया है। नक्सल मामले से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार, एनआईए ने शुक्रवार की रात को माओवादियों की गिरफ्तारी और हथियार बरामदगी मामले में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में कई स्थानों पर तलाशी ली। इस दौरान कांकेर जिले के आधा दर्जन स्थानों सुदूरवर्ती गांवों मुजालगोंडी, कलमुच्चे, आमाबेड़ा और जिवालमारी में तलाशी कर कई मोबाइल फोन, एक प्रिंटर और 39,100 रुपये की नकदी के साथ ही आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। एनआईए मामले की जांच जारी रखे हुए है, जिसे स्थानीय पुलिस ने 5 फरवरी 2024 को दर्ज किया था और 22 फरवरी को एनआईए ने अपने कब्जे में ले लिया था। प्रारंभिक जांच में मामले में दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई।*

## लद्दाख में टैंक अभ्यास के दौरान बड़ा हादसा

# नदी पार करते समय अचानक से बढ़ा जलस्तर, सेना के पांच जवान बहे

**लेह।** लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी इलाके में टैंक अभ्यास के दौरान बड़ा हादसा हो गया। नदी पार करते समय सेना के पांच जवान बह गए। टैंक अभ्यास के दौरान नदी का जलस्तर अचानक बढ़ जाने से हादसा हो गया। सेना के जवानों की जान जाने की आशंका है। रक्षा अधिकारी ने कहा कि लद्दाख में न्योमा-चुशुल क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास शनिवार तड़के एक टी-72 टैंक में नदी पार करते समय सेना के पांच जवानों के बह जाने से डूबने की आशंका है। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना मंदिर मोड़ के पास देर रात करीब एक बजे अभ्यास के दौरान हुई है। अधिकारियों ने बताया कि टी-72 टैंक, जिसमें पांच सैनिक सवार थे। जब वे नदी पार कर रहे थे तो अचानक आई बाढ़ के कारण डूब गए। बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है।



# रीवा के गुढ़ से बकरियां लेकर हैदराबाद जा रहे पांच व्यापारियों की दुर्घटना में मौत

**रीवा।** एमपी में रीवा के गुढ़ से पांच व्यापारी तेलंगाना राज्य की राजधानी हैदराबाद के मेडक जिले के चेगुंटा मंडल के वाडियारम में नेशनल हाईवे -44 पर दो ट्रकों के आपस में टकरा गए। मेडक जिले में व्यापार करने गए थे। सभी की हादसे का शिकार हो गए। हादसे के समय के ट्रक के केबिन में बैठे दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन ट्रक के पिछले हिस्से में थे। उन्होंने भी दम तोड़ दिया। वहीं केबिन में फंसे शवों को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। ओवरटेक करने की चक्कर में हुए हादसे में चार घायल हुए हैं। कई बकरियां भी मर गई हैं। ट्रक में बकरियां लोड करके खरीद-बिक्री करने के लिए गए थे। गुढ़ नगर परिषद के शफीक खान के मोहम्मद शब्बीर, शहबान खान के दो बेटे जीशान खान और मो. इबरान खान व मनीष चिकवा व राजू चिकवा दो अन्य लोग रवाना हुए थे। घर के लोगों ने सकुल रवाना किया था।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# छिंदवाड़ा के घुड़नखापा में जहरीली सब्जी खाने से मां-बेटी की मौत, पिता-बेटे नागपुर रेफर

**छिंदवाड़ा, 29 जून [एजेंसी]।**

ग्राम घुड़नखापा निवासी सूर्यभान धुर्वे (45) अपने परिवार के साथ खेत में कपास की बोवनी करने गया थे, यहां लौटते वक्त सूर्यभान की पत्नी नोकिता (40) ने खेत की मेड़ पर लगे हरे साग की पत्ती तोड़कर लाए थे और रात को खाने में इसी की सब्जी बनाई थी। भोजन करने के बाद रात को अचानक बेटी योगिता को पेट दर्द के साथ उल्टी होने लगा। इसके साथ नौकिता को भी ऐसा ही होने लगा रात भर में दोनों को हालत बिगड़ने लगी। जिसके बाद रास्ते ने महिला ने दम तोड़ दिया। सुबह होने तक सूर्यभान और उसके



दोनों बेटों की भी तबीयत खराब हो गई थी।

सुबह होते ही घटना कि जानकारी सूर्यभान ने अपने करीबी रिश्तेदार जयभान को दी। तो वह तुरंत उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने योगिता को मृत घोषित कर दिया। नोकिता की गंभीर हालत देखकर कर उसे नागपुर रेफर कर दिया। लेकिन नागपुर पहुंचते ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं, सूर्यभान और उसके दोनों पुत्र अविनाश (13) और आशीष (11) का इलाज पांढुर्णा सिविल अस्पताल में किया। बाद में उन्हें भी हालत नाजुक होने पर समय रहते ही नागपुर रेफर कर दिया गया।

# टांडा रोड पर कार और ट्रक की टक्कर, एक महिला और बच्चे सहित चार लोगों की मौत



**होशियारपुर (पंजाब)।** पंजाब के होशियारपुर में टांडा रोड पर अड्डा सरां के पास दर्दनाक हादसा हो गया। दुर्घटना कार और ट्रक की भीषण टक्कर होने से हुई। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें सुबह सूचना मिली कि टांडा के अड्डा सारन के पेट्रोल पंप के पास एक भयानक हादसा हुआ है। जिसमें कार में सवार एक बच्चा, दो पुरुष और एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई है। कार में सवार लोग टांडा से पीजीआई चंडीगढ़ जा रहे थे, जबकि ट्रक होशियारपुर से टांडा जा रहा था, तभी अड्डा सरां के पास दोनों की टक्कर हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है, जिसे अमृतसर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटनास्थल पर पुलिस प्रशासन द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# महतारी वंदन योजना का लाभ से महिलाएं हो रही आर्थिक रूप से मजबूत

कोरबा । प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान करने के लिए महतारी वंदन योजना संचालित की जा रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना से समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े परिवार की महिलाएं लाभान्वित होकर आर्थिक रूप से सशक्त बन रही है। योजनांतर्गत महिलाओं के बैंक खाते में प्रतिमाह राशि सीधे अंतरित होने से यह उनके विपरीत परिस्थितियों का सहारा बन गया है।



योजना से लाभान्वित हुई कोरबा के दादर खुर्द की रहने वाली श्रीमती पूर्णिमा द्विवेदी ने राज्य सरकार की इस कल्याणकारी योजना की सराहना करते हुए कहा कि समाज के मध्यम व निम्न वर्ग के परिवार के महिलाओं के लिए यह योजना आर्थिक संबलता का आधार बन गया है। महिलाएं इस योजना से मिलने वाली राशि के उपयोग से आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। योजना से महिलाएं निजी जरूरतों, घरेलू आवश्यकताओं व दैनिक उपयोग की चीजों की खरीदी एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम हुई है। पूर्णिमा ने बताया कि उनके पति श्री कुंज बिहारी द्विवेदी गांव के ही मंदिर में पुजारी है। उनके परिवार में उनके पति सहित दो छोटे बच्चे है। हितग्राही ने बताया कि वह एक गृहिणी है और उन्हें पिछले 4 माह से योजना के तहत राशि प्राप्त हो रही है। जिसका उपयोग वे घरेलू खर्चो में करती है। योजना लागू होने के पूर्व उन्हें अपनी घरेलू आवश्यकताओ की पूर्ति के लिए अपने पति पर निर्भर रहना पड़ता था। अब प्रत्येक माह इस योजना की राशि उनके खाते में जमा होने से अब उन्हें छोटी छोटी जरूरतों का प्रबंध करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो रही है। योजना से मिल रही राशि से वह अपने दोनों बच्चों के लिए पौष्टिक खाद्य पदार्थों का प्रबंध भी कर पा रही हैं। साथ ही भविष्य की जरूरतों के लिए बचत भी कर रही है। श्रीमती पूर्णिमा ने कहा कि राज्य सरकार ने इस योजना को लागू कर महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सक्षम बनाने का कार्य किया है। इससे महिलाओं में आत्मनिर्भरता एवं आत्मविश्वास की एक नई उमंग का संचार हुआ है। महिलाओं को आर्थिक संबलता प्रदान कर उन्हे आत्मनिर्भर बनाने हेतु पूर्णिमा ने प्रदेश सरकार के मुखिया श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सहृदय धन्यवाद दिया।

## कलेक्टर ने कहा परीक्षा में न हो कोई चूक, गोपनीयता का हो पूरा पालन



कोरबा । कलेक्टर अजीत वसंत ने आज छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा रविवार 30 जून को आयोजित होने वाली प्री बी-एड एवं प्री डीएलएड 2024 परीक्षा के संबंध में नोडल अधिकारी सहित केंद्राध्यक्षों की बैठक ली। उन्होंने परीक्षा हेतु संबंधित केंद्रों में आवश्यक तैयारी सुनिष्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा का कार्य विश्वसनीयता, गोपनीयता और गंभीरता से जुड़ा होता है। इस कार्य में किसी प्रकार की चूक व लापरवाही न की जाए। परीक्षा का संचालन दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए संपन्न किया जाए। उन्होंने केंद्राध्यक्षों को सावधानी एवं सतर्कता के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए।कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्री बीएड एवं प्री डीएलएड 2024 परीक्षा के संबंध में बैठक लेते हुए कलेक्टर ने सभी केंद्राध्यक्षों को उनके कर्तव्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में दी जाने वाली आवश्यक सुविधाएं परीक्षा के पूर्व सुनिश्चित कर ली जाएं। परीक्षा के संबंध में व्यापमं द्वारा जो भी दिशा-निर्देश है उसका पालन करते हुए केंद्र में आवश्यक व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु बनाए गए मार्गदर्शन केंद्र के माध्यम से उनकी समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान नोडल अधिकारी श्री विकास चौधरी, परीक्षा समन्वयक डॉ. श्रीमती साधना खरे उपस्थित थीं।

परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली 10 बजे से 12:15 बजे तक तथा द्वितीय 02 बजे से 04:15 बजे तक आयोजित होगी। जिले में 34 परीक्षा केंद्रों पर 11,981 एवं द्वितीय पाली 43 परीक्षा केंद्रों में 14,884 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय ईवीपीजी महाविद्यालय रजगामार रोड को मार्गदर्शन केंद्र बनाया गया है। मार्गदर्शन केंद्र का दूरभाष नंबर 07759-221458 है।

कलेक्टर ने प्री बीएड एवं प्री डीएलएड 2024 परीक्षा के परीक्षार्थियों को समय पर निर्धारित परीक्षा केंद्र में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केंद्र को एक दिन पूर्व जांच कर लें। परीक्षा दिवस में अन्य केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा देने नहीं दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों को निर्धारित समय तक अनिवार्य रूप से उपस्थिति देनी होगी। ऐसे दिव्यांग परीक्षार्थी जिन्होंने स्वयं से सह लेखक का विकल्प चयन किया है उन्हें सह लेखक की शैक्षणिक योग्यता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। सह लेखक की शैक्षणिक योग्यता अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता से एक स्तर नीचे का होना चाहिए। अभ्यर्थी के समान या उससे ऊपर के स्तर के सह लेखक लाए जाने पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र में फोटो स्पष्ट नहीं है उन्हें अपने साथ दो पासपोर्ट साइज कलर फोटो लाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही प्रवेश पत्र तथा एक ओरिजनल फोटो आईडी परीक्षा केंद्र में प्रवेश के दौरान अनिवार्य रूप से दिखाना होगा।

## कांग्रेस की बैठक

कोरबा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल एवं श्रीमती सपना चौहान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि दिनांक 29 जून 2024, दिन-शनिवार को प्रात: 11 बजे कांग्रेस भवन बिलासपुर में डॉ. एम. वीरप्पा मौली (पूर्व मुख्यमंत्री कर्नाटक एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री) पार्टी के वरिष्ठ नेता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई है।

## पाली के किसानों को किया गया बीज वितरण

कोरबा । कृषि विभाग पाली जिला कोरबा द्वारा ग्राम पुलालीकला में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत श्रीविधि धान का प्रदर्शन श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम विधायक, पाली-तानाखार के मुख्य अतिथि और श्री विजय बहादुर जगत जिला पंचायत सदस्य, श्री नारायण सिंह राज सभापति कृषि स्थाई समिति पाली की उपथिति में बीज वितरण और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विधायक द्वारा किसानों को सम्बोधित करते हुऐ उपस्थित कृषको को उन्नत तकनीक अपनाकर खेती करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य द्वारा किसानों को प्रमाणित बीज और संतुलित खाद का उपयोग करने की सलाह दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री कुलदीप सिंह मरकाम विधायक प्रतिनिधि, श्री उमाशंकर कश्यप विधायक प्रतिनिधि, श्रीमती जामबाई श्याम विधायक प्रतिनिधि ,श्री जी पी डिकसेना वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पाली, श्री ए के मरकाम एवम अजय सिंह ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा ग्राम पुलालीकला,नवापारा और नानपुलाली के कृषकगण कार्यक्रम में उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत भवन धनरास कटघोरा में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, जनपद उपाध्यक्ष श्री गोविंद सिंह कंवर ,कृषि स्थायी समिति के सभापति श्री बैसाखू राम यादव और सरपंच श्रीमती मनटोरी बाई कंवर की गरिमामयी उपस्थिति में आत्मा एवं आरकेवीवाई योजनांतर्गत कोदो बीज एवं एसएमएसपी योजनांतर्गत अरहर बीज का वितरण किया गया।

## 24 जुलाई तक मनाया जाएगा विश्व जनसंख्या दिवस एवं जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा

कोरबा । जिले में परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 27 जून से 24 जुलाई 2024 तक विश्व जनसंख्या दिवस एवं जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े के तीन भागों में बांटा गया है।

प्रारंभिक चरण में पखवाड़ा के सुचारू रोल आउट सुनिश्चित करने की तैयारियों पर ध्यान केन्द्रीत किया जाना है। इस दौरान ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक विषेष अभियान चलाकर पुरूष एवं महिला नसबंदी के प्रति फैली अज्ञानता व भ्रांतियों को दूर किया जाएगा तथा परिवार नियोजन के महत्व के बारे में जनता को जागरूक किया जाएगा तथा समस्त स्थानों पर कमोडिटी की उपलब्धता, सेवाओं की उपलब्धता , प्रशिक्षण इत्यादि की व्यवस्था सुनिष्चित किया जाएगा। 27 जून 2024 से 10 जुलाई 2024 तक लक्ष्य दंपती पखवाड़े में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ, तथा मितानिनों के द्वारा जागरूकता हेतु सही समय पर विवाह, स्वास्थ्य जन्म अंतराल, प्रसव उपरांत परिवार नियोजन, परिवार नियोजन में पुरूष सहभागिता एवं गर्भपात उपरांत परिवार नियोजन, तथा परिवार नियोजन के गर्भनिरोधक की जानकारी दी जाएगी। 11 जुलाई से 24 जुलाई 2024 तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इस पखवाड़े में लक्ष्य दंपतियों को उसकी पसंद के अनुसार परिवार नियोजन के अस्थाई साधन, जिला चिकित्सालय तथा विकासखण्डों में पुरूष एवं महिला नसबंदी शिविर का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को इस पखवाड़े के सफल आयोजन हेतु दिशा निर्देश जारी किया है। उन्होंने बताया कि सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में परिवार नियोजन के साधन नि:षुल्क उपलब्ध हैं इसमें पुरूष एवं महिला नसबंदी, निरोध, गर्भनिरोधक गोली, इंजेक्सन , कॉपर टी जैसी सुविधाए शामिल हैं। नसबंदी उपरांत हितग्राहियों को महिला नसबंदी हेतु रू. 2000 तथा पुरूष नसबंदी हेतु रूपये 3000 प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। कलेक्टर श्री अजीत वसंत तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के परिवार नियोजन के पात्र इच्छुक दंपतियों से अपील की है कि अपने परिवार को सीमित रखने हेतु अधिक से अधिक संख्या में परिवार नियोजन के अस्थाई तथा स्थाई साधन का उपयोग करें जिससे उनका परिवार सुखी और खुशहाल हो सके।

## दादारखुर्द में लोगों को मिलेगा आवास आवेदकों की सूची जारी की निगम ने

कोरबा । कोरबा नगर पालिक निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आसअंतर्गत दादरखुर्द में निर्मित आवासगृहों के आबंटन हेतु 1008 पात्र आवेदकों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सूचना पटल, निगम के सभी जोन कार्यालयों में उक्त सूची का अवलोकन किया जा सकता है, निगम द्वारा पात्र आवेदकों की अंतिम सूची जारी कर आबंटन के संबंध में आगामी कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है।नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत दादरखुर्द में 2784 आवासगृहों का निर्माण कराया गया था, उक्त निर्मित आवासगृहों में से 986 आवासगृहों के आबंटन हेतु निगम द्वारा आवेदन पत्र मंगाए गए थे, निर्धारित समयावधि में 1784 आवेदन पत्र निगम को प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण इस हेतु गठित समिति द्वारा किया गया तथा पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची प्रकाशित कर दावा/आपत्ति मंगाई गई थी, निर्धारित समय में प्राप्त दावा/आपत्तियों का निराकरण किया गया तथा 1008 पात्र हितग्राही पाए गए। इन पात्र हितग्राहियों की अंतिम पात्रता सूची निगम द्वारा प्रकाशित कर दी गई है, नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सूचना पटल तथा निगम के समस्त जोन कार्यालयों में सूची का अवलोकन किया जा सकता है तथा इस संबंध में मार्गदर्शन व समुचित जानकारी के लिए निगम कार्यालय साकेत के द्वितीय तल स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। निगम द्वारा योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची प्रकाशित कर आवासगृहों के आबंटन हेतु आगामी कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है।

### विकलांग जनों की सेवा हेतु हम हमेशा तैयार-नेता प्रतिपक्ष हितानंद

कोरबा। कोरबा जिले के वार्ड क्रमांक 35 में निवासरत लक्ष्मण चौहान नामक व्यक्ति घर-घर घूम कर ब्रेड बेचने का काम करता था। परन्तु बीमारी की वजह से इसका एक पैर नहीं रहा। जिससे उसकी आजीविका का साधन समाप्त हो गया।

## धोखाधड़ीकर टिकट काट रहें बस एजेंट

कोरबा । रायपुर नया बस स्टैंड में बस एजेंट द्वारा यात्रियों से छल कपट कर टिकट बुकिंग कर किसी भी बस में बैठाकर रफूचक्कर हो जा रहे है। जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पढ़ रही है।

26 तारीख की सायं 4:00 बजे कटघोरा के पत्रकार एवम उनके सुपुत्र नया बस स्टैंड रायपुर में बस एजेंट से दो टिकट रायपुर से कटघोरा के लिए 1100 में लिया । कुछ देर बाद पॉपुलर बस ( रायपुर से अंबिकापुर जाने वाली बस ) में दोनो को बैठा दिया गया। टिकट में डॉल्फिन ट्रेवल्स लिखा है । टिकट काउंटर में सितारा ट्रेवल्स लिखा था, परंतु पॉपुलर बस में बैठा दिया गया, रायपुर शहर से निकलते ही चेकर टिकट चेक करने के लिए आया वैसे ही तुरंत यात्रियों से अभद्रतता व्यवहार करने लगा। और बोला टिकट को मोबाइल में फोटो लीजिए और टिकट दीजिए इतने में यात्री भड़के।चेकर बोला की टिकट कहा कटवाए,कौन बैठा था,कितने समय कटवाए नही चलेगा । यह रोज रोज का झंझट है।कुछ देर तक यात्रियों से बहस चलती रही। कटघोरा,अंबिकापुर, गड़वा जाने वाले ग्रामीण पसींजर भी बैठे रहे। सभी यात्रियों के शोर शराबा सुनकर बस चेकर चुप हो गया। इस प्रकार का गुमराह बस एजेंटों को नही करनी चाहिए। यह शिकायत कुछ बस के एजेंटों कि मिल रही है। सभी बस एजेंट बदनाम हो रहे है।

इसीलिए टिकट काटते समय ऊपर मो न लिखे को मिटा दिया गया ताकि कोई यात्री शिकायत न कर सके । काउंटर में एक मोटी मेडम ने कहा भी किस बस में दो यात्रियों को बैठाना है । उनके सर बोले बैठा दो ,पापुलर बस में देखेंगे। फिर एक दुबला पतला युवक पापुलर बस में बैठकर चले गए। उस समय भी बस चालक,खलासी सभी उपस्थित रहे। टिकट 4 बजे काटकर दिए बस 5.30 बजे साय अंबिकापुर मार्ग की ओर रवाना हुए। रायपुर में दर्जनों ट्रेवल्स एजेंसी जिसमे 700 से अधिक लक्जरी बसे चल रही है। इस प्रकार कूट रचित तरीके से टिकट काटकर देना यात्रियों के साथ धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है। इस प्रकार की धोखधड़ी में तुरंत रोक लगनी चाहिए। यात्रियों ने कहा की उक्त धोखाधड़ी की शिकायत जिला कलेक्टर रायपुर एवम मा मुख्यमंत्री से किया जावेगा।

## सीएसईबी कालोनी की सुरक्षा होगी चार दीवारी से, सिविल विभाग तैयारी में जुटा

कोरबा। सीएसईबी कॉलोनी कोरबा पूर्व को सुरक्षित करने की दिशा में प्रबंधन ने पहल की है। वर्तमान में कई स्थानों से कालोनी में प्रवेश के रास्ते हैं। इन रास्तों को बंद कर तीन एंट्री पाइंट बनाई जाएगी। शेष स्थानों में बाउंड्रीवाल बनाने की तैयारी कर ली गई है। इसके लिए नींव के रूप में गड्ढे खोदे गए हैं। सीएसईबी कोरबा पूर्व कालोनी के मकानों में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। सूने मकानों में चोरी के मामले पुलिस तक पहुंच चुके हैं। मकान के बाहर से बाइक चोरी की घटनाएं भी हो चुकी हैं। इसके अलावा तेज रफ्तार से वाहनों के फरटि भरने के कारण हादसे का खतरा बना रहता है। असामजिक तत्वों की सक्रियता भी कालोनी में देखी जाती है। जिसे लेकर विभिन्न श्रमिक संगठन कालोनी में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने अफसरों से मांग कर चुके हैं। जिस पर अब सीएसईबी सिविल विभाग ने कालोनी में सुरक्षा के दृष्टिकोण से बाउंड्रीवाल बनाने की तैयारी कर ली है। वर्तमान में कई स्थानों से कालोनी में एंट्री पाइंट है। अब इन एंट्री पाइंट को बंद करने गड्ढे खोदे गए हैं। बताया जा रहा है कि जल्द ही सिविल विभाग यहां बाउंड्रीवाल भी बनाएगा। कालोनी में एंट्री के लिए इंदिरा चौक, पेट्रोल पम्प और जूनियर क्लब में ही एंट्री के द्वार रखे जाएंगे। जिस तरह से एनटीपीसी, सीएसईबी एबी टाइप कालोनी में प्रबंधनों ने सुरक्षा के इंतजाम किए हैं उसी तर्ज पर बिजली कर्मियों के कालोनी में भी सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता करने की तैयारी की जा रही है। पूर्व में भी बाउंड्रीवाल बनाने का प्रयास किया गया था जिसे असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया था। कई स्थानों में बाउंड्रीवाल अभी भी बने हुए हैं।

## अंचल में धड़ल्ले से बिक रहा मिलावटी अमानक खाद्य पदार्थ

कोरबा । अंचल में बड़े प्रतिष्ठानों में साथ खाद्य पदार्थ की खरीदी कर रहे हैं तो यह मानक में शत-प्रतिशत खरा हो इसका भरोसा अब जिले में नहीं रहा, हो सकता है आप जो खाद्य पदार्थ खरीद रहे हैं वो अमानक हो। यह बात खाद्य व औषधी प्रशासन विभाग द्वारा जिले में त्योहारी सीजन के अंतर्गत लिए गए फूड सैंपल की रिपोर्ट बयां कर रही हैं।होली, ईद सहित अन्य त्योहारी सीजन के दौरान खाद्य विभाग ने नकली, मिलावटी के साथ ही अमानक खाद्य सामग्री की बिक्री रोकने के लिए खाद्य पदार्थ बेचने वाले 36 प्रतिष्ठानों से सैंपल लेकर जांच के लिए रायपुर स्थित लेब भेजा था, जहां से के चौकाने वाली रिपोर्ट आई है। रिपोर्ट में करीब 1 दर्जन प्रतिष्ठान से लिए गए सैंपल फ़ैल हो गए हैं। इन अंचल की प्रतीष्ठित प्रतिष्ठानों में शहर के बड़े व नामचीन प्रतिष्ठान भी शामिल है जिस पर आमतौर पर ग्राहक आंख मूंदकर भरोसा करते हैं। विभाग अब इन प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्रकरण बनाकर कोर्ट में प्रस्तुत करने की तैयारी में है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों के बताया की जिले में शहरी व उपनगरीय सहित ग्रामीण अंचल तक टीम पहुंचकर खाद्य पदार्थों की जांच व सैंपलिंग कर रही है। आमतौर पर त्यौहारी सीजन के आसपास ज्यादा सैंपल लिए जाते हैं। हालांकि अब जांच का दायरा बढ़ाते हुए लगातार प्रतिष्ठानों में पहुंचकर सैंपल लिया जाएगा। सैंपल जांच के लिए भेजने के साथ ही जल्द रिपोर्ट मिले इसके लिए भी प्रयास किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विकास भगत के कहा कि पिछले कुछ माह के दौरान लिए गए सभी सैंपल की जांच रिपोर्ट आ गई है। जिसमें एक दर्जन प्रतिष्ठान के सैंपल फेल हो गए। ऐसे मामलों में प्रकरण तैयार किया जा रहा है, जिसे जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा। खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जांच में लिए गए सैंपल फेल होने पर प्रकरण दर्ज करके एडीएम न्यायालय या सीजेएम न्यायालय में प्रस्तुत किया जाता है। ऐसे प्रकरण में एडीएम न्यायालय से 5 लाख तक व सीजेएम कोर्ट से 10 लाख रुपए तक के जुर्माना कर प्रावधान है। बड़े प्रकरण में 6 माह से 1 वर्ष तक की सजा का भी प्रावधान है, लेकिन अब तक जिले में हुई करीब 25 कार्यवाही में जुर्माना ही हुआ है।

### सड़क पर बेतरतीब वाहन खड़ा किया तो खैर नही ,पुलिस ने दी चालको को चेतावनी

कोरबा। कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में रोड पर बेतरतीब ढंग से भारी वाहनों को खड़ा नहीं करने दीपका थाना पुलिस ने वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी है। इसके बाद भी नहीं मानने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी है। वाहन चालकों को पुलिस की टीम ने कहा है कि थाना चौक, श्रमिक चौक, बतारी मोड़, बायपास रोड पर भारी वाहनों की कतार लगी रहने पर आगे निकलने के फेर में गाड़ी आगे नहीं बढ़ाने को कहा है। इस कारण सड़क पर जाम लगता है। चालकों को समझाइश देने के साथ ही दीपका थाना प्रभारी श्री तिवारी ने ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष संजीव सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों से सड़क पर जाम की समस्या से निजात दिलाने ट्रक मालिकों के माध्यम से चालकों को समझाइश देने कहा है, ताकि वे सड़क पर बेतरतीब ढंग से वाहनों को खड़ी न करें और सुरक्षित आवाजाही बनी रहे। कतार में लगी भारी वाहनों के बीच किसी चालक के वाहन आगे बढ़ाने से सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित होती है। बेतरतीब तरीके से सड़क पर भारी वाहनों को खड़ा करना भी एक वजह है। चेतावनी के बाद भी चालकों के नहीं मानने पर पुलिस चालान की सख्त कार्यवाही करेगी।

## बैठक में समाज के लोगों को शिक्षित करने का फैसला



कोरबा । शारदा विहार के सामुदायिक भवन में सत सारथी समाज की बैठक हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष चंद्रसेन सारथी समेत अन्य पदाधिकारियों ने संगठित रहने पर जोर दिया। बैठक की शुरूआत समाज के सदस्यों ने ब्रम्हर्षि सूत के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन से की। शिक्षित समाज के निर्माण के लिए जागरूकता लाने पर बल दिया। समाज हित के अन्य मुद्दे पर भी चर्चा हुई। बैठक में सूत सारथी समाज के संरक्षक जोहन राम, मुरारी लाल, बंधन राम, मिलूराम, चमरा राम?, छोटेलाल, पत्थर राम समेत अन्य मौजूद रहे।

## कैंपस सेलेक्शन में यूनिट मैनेजर की 5 पोस्ट के लिए 32 अभ्यर्थियों ने दिया साक्षात्कार

कोरबा । कोरबा अंचल के कमला नेहरु महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा कैंपस सेलेक्शन आयोजित किया गया। दोपहर 2:30 बजे से आयोजित किए गए इस चयन शिविर में इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारी और प्रतिनिधियों ने विभिन्न पैमानों के आधार पर अभ्यर्थियों की प्रतिभा का आंकलन किया। यूनिट मैनेजर की पांच पोस्ट के लिए कमला नेहरु महाविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले 32 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार में भाग लेकर अपनी योग्यताओं का प्रदर्शन किया है। इस कैंपस इंटरव्यू के नतीजे जल्द जारी किए जाएंगे।

हाल ही में स्नातक के विभिन्न संकायों में अंतिम वर्ष की परीक्षाएं पूर्ण हुई और नतीजे भी जारी हुए। वर्तमान में सेमेस्टर परीक्षाओं का दौर शुरु हो चुका है। साथ ही साथ नए शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए दाखिले की प्रक्रिया भी जारी है। इस बीच आदित्य बिरला कैपिटल हेल्थ इंश्योरेंस कोरबा शाखा के सहयोग से महाविद्यालय में कैंपस इंटरव्यू रखा गया। कमला नेहरु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर के दिशा-निर्देश में यह कैंपस इंटरव्यू कंप्यूटर साइंस एवं आईटी विभाग द्वारा आयोजित किया गया। सर्वसुविधायुक्त 100 से अधिक कंप्यूटरों वाले जिले के सबसे बड़े कंप्यूटर लैब में हुए कैंपस सेलेक्शन में कमला नेहरु महाविद्यालय के कुल 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से सहायक प्राध्यापक डॉ. बीना विस्वास, रूपेश मिश्रा, मोहन मंजू, दीप्ति सिंह, आदित्य बिरला कैपिटल हेल्थ इंश्योरेंस कोरबा के ब्रांच मैनेजर विशाल गंगराज, एजेंसी मैनेजर पारुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।इस संबंध में प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने बताया कि कमला नेहरु महाविद्यालय की ओर से विभिन्न विषय व क्षेत्र में स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई के बाद छात्र-छात्राओं के आगे का भविष्य भी उज्ज्वल हो, इस दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## निगम के 9 अधिकारी व कर्मचारी हुए सेवा निवृत्त

कोरबा । कोरबा नगर पालिक निगम के सेवानिवृत्त हुए 09 अधिकारी/कर्मचारियों को निगम कार्यालय में भावभीनी विदाई दी गई, इस मौके पर आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने सेवानिवृत्त हुए इन अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। वहीं निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने भी सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान करते हुए उन्हें निगम कार्यालय से विदाई दी। नगर पालिक निगम कोरबा के संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, राजस्व अधिकारी रघुराज सिंह, सहायक कार्यालय अधीक्षक आर.एस. चौहान, समयपाल राजकुमार सिंह, चौकीदार शंकर पुरी, निगम कर्मचारी विश्राम टंडन, रामलाल सोनवानी, सफाईमित्र एस. गौरेया एवं चुनकाई तत्कालीन विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम कोरबा में अपनी दीर्घकालीन सेवा के पश्चात निगम की सेवा से निवृत्त हुए, इन सेवानिवृत्त हुए अधिकारी कर्मचारियों को निगम कार्यालय साकेत में आयोजित एक सादे कार्यक्रम में विदाई दी गई। इस मौके पर आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मानित किया। शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की अपनी शुभकामनाएं दी। आयुक्त सुश्री ममगाई ने इस मौके पर कहा कि आप सबने अपनी दीर्घ सेवा के दौरान इस संस्था को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदान किया है, आपके सहयोग के लिए निगम सदैव तत्पर रहेगा तथा जहॉं कहीं पर भी आपके अनुभवों की आवश्यकता निगम को होगी, उसका उपयोग भी किया जाएगा। उन्होने कहा कि आप सेवानिवृत्त हुए समस्त अधिकारी कर्मचारी परिवार के लिए, समाज के लिए अपना समय देंगे, मैं इसकी कामना करती हूॅं।

अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने इस मौके पर कहा कि एक अधिकारी/कर्मचारी की सेवानिवृत्ति उसके जीवन की दूसरी पारी की शुरूआत है, अब आप निगम की सेवा से निवृत्त होकर अपना समय घर, परिवार एवं समाज को देंगे। विदाई कार्यक्रम का संचालन कार्यपालन अभियंता अखिलेश शुक्ला ने किया तथा आभार प्रदर्शन स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा के साथ ही अधीक्षण अभियंता एम.के. वर्मा, उपायुक्त पवन वर्मा, कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, एम.एन. सरकार, अखिलेश शुक्ला, विनोद शांडिल्य, भूषण उरांव, प्रकाश चन्द्रा, तपन तिवारी, सहायक अभियंता राकेश मसीह, लीलाधर पटेल, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, लेखाधिकारी अशोक देशमुख, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहायक जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, निगम सचिव रामेश्वर कंवर, कार्यालय अधीक्षक अरविंद वानखेडे, उत्तम साहू, शांतिलाल सोनी, अरूण मिश्रा, आनंद दुबे, हेमंत गभेल, भावेश यादव, मनीष ठाकुर, संजय ठाकुर, देवव्रत आदित्य, रविकरण सिंह, सरस देवांगन, परमानंद राठौर, अवधराम लहरे, जवाहर गोंड़, ओमकार सिंह कंवर, एस.बी. पटेल आदि के साथ अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिले में आयोजित नेशनल यूथ फोरम में जुटे 9 राज्य से 400 रोवर्स, रेंजर्स

कोरबा । कोरबा जिले में नेशनल यूथ फोरम का आगाज हुआ। इसमें स्काउटिंग के 9 राज्यों से रोवर्स, रेंजर्स की भागीदारी हो रही है। मुख्यअथिति कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा 26 से 30 जून तक नेशनल यूथ फोरम का आयोजन स्याहीमुड़ी स्थित एजुकेशल हब में किया जा रहा है। इसमें स्काउटिंग के 9 राज्य गोवा, ओडिशा, राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़, दक्षिण रेलवे चेन्नई, साउथ ईस्टर्न रेलवे पश्चिम बंगाल, ईस्टर्न रेलवे कोलकाता, नार्थ फ्रंटटियर रेलवे असम से 400 रोवर्स, रेंजर्स (युवाओं) तथा कर्मचारियो की भागीदारी हो रही है। नेशनल यूथ फोरम की मेजबानी भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोरबा द्वारा की जा रही है।

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं कोरबा के प्रभारी मंत्री अरूण साव के मार्गदर्शन तथा राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के दिशा-निर्देश पर नेशनल यूथ फोरम की तैयारी की गई है। असिस्टेंड डायरेक्टर (सेंट्रल रीजन) व लीडर ऑफ कोर्स शिवांगी सक्सेना की उपस्थिति में ध्वजारोहण के साथ नेशनल यूथ फोरम की औपचारिक शुरुआत हुई। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि इस तरह के आयोजन से हमें सीखने को मिलता है और स्वंय का विकास होता है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति की बदौलत ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का सपना देखा है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव ने स्काउटिंग मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में संचालित शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों में रोवर, रेंजर की इकाई प्रारंभ करने पहल की गई है।

## सालाना बोनस स्कीम को यूनियन नेताओं ने नकारा

कोरबा । कोल इंडिया लिमिटेड की एपेक्स जेसीसी की बैठक कोलकाता स्थित मुख्यालय में आयोजित हुई। प्रबंधन ने कामगारों के सालाना बोनस एक स्कीम के तहत प्रदाय किए जाने का प्रस्ताव रखा। यूनियन नेताओं इसे खारिज कर दिया। यूनियन नेताओं ने प्रबंधन को स्पष्ट किया कि बोनस पर फैसला पहले की तरह ही होगा।

बताया गया है कि यूनियन ने खदान दुर्घटना में मृत्यु होने पर 25 लाख रुपए के भुगतान का प्रस्ताव रखा। चेयरमैन ने इस संदर्भ में कोयला मंत्री से चर्चा करने की बात कही। बैठक में प्रमुख रूप से कोयला उत्पादन, उत्पादकता, प्रेषण, प्राप्ति और गुणवत्ता में सुधार को लेकर चर्चा की गई। इसी तरह संसाधन के उपयोग, खदानों की क्षमता, उपकरण, मानव संसाधन तथा लागत, अर्थव्यवस्था एवं लाभप्रदता को लेकर भी चर्चा हुई।

# ओव्हर ब्रिज निर्माण की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

### नगर के वाय शेप आरओबी से बाहर झांक रहा सरिया दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण

चापा। स्थानीय रेलवे स्टेशन के आगे कोरबा रोड़ पर निर्मित वाय शेप आकार के ओव्हर ब्रिज के निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी किये जाने का परिणाम यह हो रहा है कि इसके उपर मुख्य ज्वाइंट के पास से सरिया बाहर आकर किसी दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा है। इस ओव्हर ब्रिज का निर्माण पूरा होकर इसे प्रारंभ हुए एक वर्ष से उपर हो गया है। और इतने कम समय में ही ओव्हर ब्रिज क्षतिग्रस्त होकर इसका सरिया बाहर आ गया है। इस तरह सरिया का बाहर आना ओव्हर ब्रिज निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह पैदा कर रहा है। ज्ञात हो कि इस आरओबी का निर्माण ले-देकर किसी तरह 9 वर्ष में पूरा हुआ। इसके बाद इसके कोरबा मार्ग की ओर की रिटर्निंग वाल बाहर धसकने लगी। इसकी किसी तरह मरम्मत करने के बाद ओव्हर ब्रिज पर आवागमन चालू हो पाया। यह ओव्हर ब्रिज कही-कही पर दब भी गया है और इस पर निर्मित गड्ढे इस पर से गुजरने वाले वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा रहे है। पिछले कुछ दिनों से निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी के फलस्वरूप इसके मुख्य जाइंट के पास सरिया बाहर निकलने लगे है जो किसी बड़े हादसे को निमंत्रण देते प्रतीत हो रहे है। कोरबा रोड निवासी रूपेश गर्ग ने बताया कि इसके निर्माण के दौरान ही ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता को दरकिनार किये जाने की शिकायत मोहल्लेवासियों द्वारा

**ओव्हर ब्रिज से बाहर झाँक रहा सरिया**

कलेक्टर, स्थानीय विधायक और जनप्रतिनिधियों से की गई थी लेकिन किसी ने भी निर्माण गुणवत्ता पूर्ण कराये जाने की ओर ध्यान नहीं दिया जिसका परिणाम यह सामने आ रहा है कि इसके उपर से झांक रहा सरिया किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। भविष्य में इस सरिया के उपर से किसी वाहन के गुजरने पर यदि टायर फड जाता है तो वाहन के अनियंत्रित होकर ओव्हर ब्रिज के नीचे गिरने की पूरी संभावना है। निर्माण में हुई गड़बड़ल के अलावा ठेकेदार द्वारा मलबा इसके नीचे छोड़ दिया गया है जिससे मोहल्लेवासी परेशान है। इसके अतिरिक्त इसके कोरबा और बिर्रा छोर की प्रकाश व्यवस्था आये दिन बाधित रहती है। इसके कारण ओव्हर ब्रिज पर आये दिन अंधेरे का साम्राज्य रहता है। इससे भी दुर्घटना की आशंका है।

## मिशन शक्ति अंर्तगत बेटी बचाओ-बेटी पढाओ सप्ताह का हुआ आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर के निर्देशन में एकीकृत महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा व बचाव के लिए अम्ब्रेला योजना मिशन शक्ति संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य महिलाओं के शोषण और भेदभाव को खत्म करना एवं महिलाओं का सशक्तिकरण करना है। महिलाओं के विकास, मार्गदर्शन, सहायता और सहयोग किए जाने के लिए 21 जून से 4 अगस्त तक विशेष आभियान आयोजित किया जा रहा है। महिला बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिता अग्रवाल के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सप्ताह अंतर्गत नैला-जांजगीर क्षेत्र के नर्स, आशा, आं. बा. कार्यकर्ता, सहायिकाओं द्वारा गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व निदान, मेडिकल टर्मिनेशन ऑफप्रेग्नेंसी संशोधन अधिनियम के विषय में प्रशिक्षण दिया गया।

# ईलाज की पूरी राशि सहित मानसिक कष्ट राशि भी देगी इंश्योरेंस कंपनी

**जांजगीर-चांपा।** एक उपभोक्ता को उसके पुत्र के इलाज में हुए खर्चे को देने से हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने इंकार कर दिया, तब उक्त उपभोक्ता ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जांजगीर में वाद प्रस्तुत किया, जिस पर सुनवाई के बाद आयोग ने संबंधित कंपनी को इलाज की पूरी राशि 7 लाख 26 हजार 720 रूपए तथा मानसिक कष्ट के लिए 20 हजार रूपए व वाद व्यय पांच हजार रूपए सहित देने का आदेश दिया है।

जानकारी के अनुसार, चांपा निवासी उपभोक्ता/शिकायतकर्ता योगेश अग्रवाल ने नीवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी से 15 मार्च 2023 से 14 मार्च 2024 तक के लिए फैमिली फ्लोटर बीमा अपने व अपने परिवार के लिए लिया था। बीमा अवधि के दौरान ही उपभोक्ता(शिकायतकर्ता)के पुत्र सार्थक को ब्रेन ट्यूमर हो गया, तब उपभोक्ता/शिकायतकर्ता ने अपने पुत्र का इलाज मुंबई में कराया। इसके बाद उपभोक्ता शिकायतकर्ता ने अपने पुत्र के इलाज में लगे सात लाख 26 हजार

जला उपभोक्ता विवाद प्रक्रिया 720 रुपए की मांग नीवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी से की परंतु, कंपनी ने इलाज में लगे खर्च को इस आधार पर देने से इंकार कर दिया कि अंतिम ब्रेक अप बिल नहीं दिया गया है। ऐसे में उपभोक्ता/शिकायतकर्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के समक्ष परिवाद पेश कर अपने पुत्र के इलाज में लगे खर्च की राशि हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी से दिलाए जाने की मांग की। जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू सदस्य विशाल तिवारी एवं सदस्य महिमा सिंह ने पेश दस्तावेजों तथा किए गए तर्कों का सूक्ष्मता से अध्ययन कर यह पाया कि नीवा चूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने उपभोक्ता/शिकायतकर्ता के पुत्र के इलाज में आए खर्च को न देकर सेवा में कमी की है। जिला आयोग ने नीवा यूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी को उपभोक्ता/शिकायतकर्ता के पुत्र के इलाज में आए खर्च की राशि सात लाख 26 हजार 720 रूपए तथा मानसिक संताप के लिए 20 हजार रूपए व वाद का खर्च पांच हजार रूपए आदेश दिनांक से 45 दिनों के भीतर देने का आदेश दिया है।

नियत अवधि में आदेशित राशि नहीं देने पर आदेश दिनांक से भुगतान दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक व्याज देने का आदेश दिया गया है। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जांजगीर ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 35 के अंतर्गत पेश परिवाद को स्वीकार कर उक्त आदेश पारित किया है।

# एसीबी ने रंगे नोटो के साथ रिश्वत लेते पटवारी को पकड़ा



**जांजगीर-चांपा।** जिले के पामगढ़ क्षेत्र के पनगांव में पटवारी विजय लहरे को 35 सौ रुपये रिश्वत लेते ACB बिलासपुर की टीम ने किया गिरफ्तार है। किसान संजय खूंटे से पटवारी ने नक्शा कटवाने के नाम पर मांगी थी रिश्वत. इसके बाद, ACB बिलासपुर में किसान ने की थी शिकायत, जिसके बाद आज पटवारी को ट्रैप किया गया और पटवारी कार्यालय पनगांव में 35 सौ रुपये रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

एसीबी इंस्पेक्टर केशव आदित्य ने बताया की प्राथी संजय कुमार खुटे ने जामनी खरीदा था रजिस्ट्री के लिए नक्शा काटने के लिए रिश्वत के रूप में 4 हजार रु मांगा था। मगर संजय नही देना चाहता था इस लिए बिलासपुर में आकर शिकायत दर्ज कराया था। आज शुक्रवार को संजय कुमार से पैसे लेकर केमिकल लगाकर वापस दिए और पटवारी के पास जाकर 35 सौ रुपए में बात हुई इस दौरान रंगे हाथों से पकड़ा गया। जिसपर कार्यवाही करते हुए जिला न्यायालय पेश कर रिमांड पर भेजा गया है।

## 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राएं सम्मानित

**अकलतरा।** शासकीय कन्या हाई स्कूल नरियरा में शाला प्रवेश उत्सव पर शाला में आने वाली छात्राओं को तिलक लगाकर वं मठाई बांटकर स्वागत किया। स्कूल में दसवीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा शिक्षासुमन बंजारे व कुमारी मेघा टंडन को शहीद रुद्र प्रताप सिंह स्मृति पुरस्कार में 11वीं 12वीं की पढ़ाई के लिए नगद पुरस्कार 5100-5100 रुपए व्याख्याता व शहीद रुद्र प्रताप सिंह की पत्नी प्रतीक्षा सिंह ने दिया।

# थाना डभरा पुलिस की गांजा तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही



**सक्ति।** थाना डभरा पुलिस ने 201 किलो गांजा तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की है। दिनांक 27 जून 2024 को मुखबीर के जरिए सूचना मिला कि एक सफेद रंग की एक KIA CARENS कार जिसका नंबर CG 13 F 6113 में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लेकर हसौद से डभरा की ओर मेन रोड से आने की सूचना पर उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर विधिवत कार्यवाही करते हुए सूचना तस्दीक एवं कार्यवाही हेतु रवाना होकर ग्राम घोघरी में नाकाबंदी के दौरान सफेद रंग की एक KI CARENS कार जिसका इंजन नंबर GyFLPV 666638 चेचिस नंबर MZBGC 814LPN 139562 तब। जिसमे नम्बर CG 13 F 6113 लगा तब ग्राम घोघरी मेन रोड राकेश चन्द्रा के घर के सामने बिजली के खम्भे से टकराई और इसी कार में से दो आदमी भागते हुये दिखे जिन्हे पकड़ने हेतु घेराबंदी किया गया किन्तु नही मिले और कार को छोड़कर भाग गये। जिसमे विधिवत कार्यवाही करते हुए उक्त कार के अंदर मे रखे अवैध मादक पदार्थ गांजा 201 पैकेट ब्राउन कलर का पन्नी सेलो टेप से बंधा प्रत्येक पैकेट में 1 किलो भरी हुई, प्रत्येक पैकेट किमती 8000/रू. कुल जुमला वजन 2 क्विंटल 01 किलो, कुल जुमला किमती 1608000/ रू. एवं एक KIA CARENS कार को जप्त कर अपराध क्रमांक 248/2024 धारा 20 (बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। विवेचना के दौरान सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री रमा पटेल (रा.पु.से.), एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चंद्रपुर / डभरा श्रीमती अंजली गुप्ता (रा.पु. से.) के मार्गदर्शन में प्रकरण के आरोपी अनिल कुमार सेन पिता अशोक कुमार साकिन वार्ड नं. 11 बाजार दफाई भालूमाड़ा थाना कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.) हाल मुकाम खमतराई हाउसिंग बोर्ड थाना सरकण्डा जिला बिलासपुर (छ0ग0) को हिरासत में लेकर पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया जो अपने कथन में जुर्म स्वीकार करने पर28 जून 2024 गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण राजपूत, सउनि. शंकरलाल साहू, आरक्षक मानसिंह कुर्रे, धनेश्वर दिवाकर, मिरीश साहू, भुनेश्वर गर्ग, राजु खुंटे, एकेश्वर चन्द्रा एवं सायबर टीम निरीक्षक अमित सिंह, प्रधान आरक्षक प्रेम नारायण राठौर, अश्वनी सिदार, आरक्षक फारूख खान, अलेक्सियुस मिंज, राकेश राठौर, घनश्याम पाण्डेय, खगेश्वर राठौर का विशेष योगदान रहा।

## तहसील परिसर के शौचालय में गंदगी की भरमार

**अकलतरा।** अकलतरा तहसील कार्यालय परिसर में स्थित शौचालय में गंदगी पसरी है। इसके कारण लोग इसका उपयोग नहीं कर पाते।अकलतरा तहसील परिसर में लोग बड़ी संख्या में राजस्व मामले एवं अन्य न्यायलयीन कार्य के लिए आते हैं। दूर-दूर से आए ग्रामीणों मेंपुरुष एवं महिलाएं भी शामिल होती हैं मगर इस परिसर में शौचालय की स्थिति बदाहाल है। नियमित सफाई नहीं होने से यह उपयोग लायक नहीं है। वकीलों द्वारा भी सफाई के लिए अधिकारियों को जानकारी दी गई है मगर इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे अधिवक्ताओं को भी परेशानी हो रही है। लोगों की मांग है कि यहां सुविधायुक्त शौचालय बनाकर किसी संस्था को संचालन के लिए दिया जा सकता है। इससे किसी को रोजगार भी मिल सकता है मगर इस पर ध्यान देने वाले कोई नहीं है। इस संबंध में तहसील अधिवक्ता संघ के धनराज सिंह चौहान का कहना है कि तहसीलदार को अवगत कराया गया था। परंतु इस पर कोई ठोस पहल नहीं की गई। शौचालय की नियमित सफाई नहीं हो रही है। पूर्व तहसील अधिवक्ता संघ अध्यक्ष मोती कुर्रे का कहना है कि एसडीएम एवं तहसीलदार को अवगत कराने के बाद भी शौचालय की सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं अधिवक्ता उमाशंकर सिंह का कहना है कि कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया हैलेकिन तहसील एवं सिविल न्यायालय में शौचालय की सफाई और रख रखाव पर ध्यान नहीं दिया जाता।

तहसीलदार प्रियंका बंजारा ने बताया कि अधिवक्ताओं द्वारा मेरे संज्ञान में सुलभ की सफाई से संबंधित व्यवस्था की जानकारी दी गई थी।



## नगर पालिका के सहायक राजस्व निरीक्षक तिवारी हुए सेवानिवृत्त

**अकलतरा।** नगर पालिका में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक अवध बिहारी तिवारी के सेवानिवृत होने पर नगर पालिका कार्यालय के सभा कक्ष में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।नगर पालिका अध्यक्ष शांति भारते, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ तिवारी व नगर पालिका स्टाफ द्वारा अवध बिहारी तिवारी का स्मृति चिह्न प्रशस्ति पत्र, शॉल व श्री फल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शांति भारते ने कहा कि सहायक राजस्व निरीक्षक अवध बिहारी तिवारी ने 23 साल तक मध्य प्रदेश राज्य परिवहन निगम को अपनी सेवाएं दी। छत्तीसगढ़ राज्य का गठन होने पर नगर पालिका में प्रति नियुक्ति में पदस्थ होने के बाद 18 वर्षों तक अपनी सेवाएं नगर पालिका परिषद अकलतरा को दी। सीएमओ सौरभ तिवारी ने कहा कि सेवानिवृत्ति होना एक शासकीय प्रक्रिया है। इससे समस्त शासकीय कर्मचारियों को होकर गुजरना पड़ता है। अवध बिहारी तिवारी ने सहायक राजस्व निरीक्षक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण सेवा दी। इस अवसर पर उप अभियंता अशोक कंवर, सहायक राजस्व निरीक्षक देव कुमार निर्मलकर, भरत सिंह चंदेल, रश्मि चंदवानी आदि मौजूद रहे। अवध बिहारी का सम्मान करते हुए।

## ओटीपी पूछा और उड़ाया 28 लाख, आरोपी गिरफ्तार

**जैजैपुर।** आनलाइन ट्रेडिंग के माध्यम से 28 लाख 11 हजार रुपये की ठगी करने वाले बिलासपुर के एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला जैजैपुर थाने का है।जैजैपुर थाना प्रभारी ललित कुमार चंद्रा ने बताया कि ग्राम चोरभट्ठी निवासी उमेश कुमार चंद्रा का परिचय अकलसरा निवासी उत्तम टंडन से हुआ था। उत्तम के माध्यम से उमेश का परिचय आनलाइन ट्रेडिंग के माध्यम से ट्रेडिंग करने वाले ब्रह्माकुमारी आश्रम बाजार चौक तिफरा बिलासपुर निवासी ट्रेडर चंदन कुमार श्रीवास्तव 40 वर्ष से हुआ था। चंदन कुमार श्रीवास्तव ने उसे बताया कि वह विगत 7 वर्षों से ट्रेडिंग कर रहा है और ट्रेडिंग के माध्यम से भरपूर पैसा कमा रहा है।

उसने उमेश कुमार को भी शेयर मार्केट में एक्सनेस एप के माध्यम से पैसा निवेश करने को कहा। चंदन कुमार श्रीवास्तव के झांसे में आकर उमेश कुमार ने 15 मई को 28 लाख रुपये कैश चंदन कुमार श्रीवास्तव को दिया। इसके बाद चंदन कुमार श्रीवास्तव ने उसके मोबाइल फोन में एक्सनेस एप डाउनलोड किया एवं उस ऐप को रोज चेक करने को कहा। उमेश कुमार चंद्रा आनलाइन मार्केट ट्रेडिंग में अकाउंट बनाने के लिए आवश्यक दस्तावेज ह्वाट्सएप के माध्यम से भेजा था और चंदन कुमार के बताएं अनुसार एप्लीकेशन में अपने अकाउंट को चेक करता था। एक माह बाद 6 जून को चंदन कुमार ने भारतीय स्टेट बैंक शाखा नेहरू नगर बिलासपुर का पांच लाख रूपए का चेक देकर यह तुम्हारे एक माह का कमाई है और हर माह ऐसे ही तुम्हें चेक मिलता रहेगा बोला।

इसके बाद दूसरे दिन 7 जून को लगभग 11 बजे चंदन कुमार श्रीवास्तव ने अपने मोबाईल नंबर 9893566794 से उमेश कुमार चंद्रा के मोबाइल नंबर 9669364971 पर फोन कर बोला की मार्केट बहुत अच्छा बढ़ रहा है तुम्हारा पैसा बहुत बढ़ गया है कुछ पैसे को वायलेट में विड्राल कर लो बोला। जिस पर उमेश कुमार चंद्रा ने उससे विड्राल करने का नियम पूछा तब चंदन कुमार श्रीवास्तव ने बोला कि विड्राल करने का प्रोसीजर बहुत लंबा है। वह अपने ही मोबाइल से प्रोसीजर कर दे रहा है। उसे कहा कि तुम्हारे मोबाइल में एक ओटीपी जाएगा उसे बताना फिर पूरा पैसा तुम्हारे वायलेट में चला जाएगा। उसे कहने पर उमेश कुमार चंद्रा ने अपने मोबाइल पर आए ओटीपी को जैसे ही चंदन कुमार श्रीवास्तव को बताया वैसे ही चंदन कुमार ने अपना मोबाईल स्विच आफ कर दिया ।

**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी), जिला- कोरबा (छ.ग.)**

क्रमांक/सी.एस.एम.सी.एल./2024/1674 — कोरबा, दिनांक 27.06.2024

**वर्ष-2024-25 में जिले के देशी/विदेशी मदिरा दुकानों से निकलने वाली खाली कार्टून विक्रय करने हेतु निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जिले के 11 देशी, 08 कम्पोजिट एवं 18 विदेशी मदिरा दुकानों से निकलने वाली खाली कार्टून विक्रय किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित है। निविदा की शर्तें एवं निविदा प्रपत्र कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी, कलेक्टोरेट कोरबा के कक्ष क्रमांक 17 से दिनांक 16.07.2024 को सायं 05:30 बजे तक प्राप्त कर सकते है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 17.07.2024 को दोपहर 02:00 बजे तक नियत है तथा उसी दिन सायं 04:00 बजे तकनीकी निविदा खोली जावेगी।

सहायक आयुक्त आबकारी
हेतु-कलेक्टर
जिला- कोरबा (छ.ग.)

जी-242500682/3

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्र1196/अ.वि.अ./व्यपवर्तन/2024 , जांजगीर दिनांक 20.6.24

एतद् द्वारा आम जनता घुठिया को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जमुना प्रसाद राठौर पिता श्री दुखीराम राठौर, निवासी ग्राम बिरगहनी (च) तहसील जांजगीर के द्वारा ग्राम घुठिया प.ह.नं.05 तहसील जांजगीर स्थित भूमि ख.नं. 294/1 (शामिल 294/2, 294/3, 294/4) 295/1, 296/1, 296/2, 322/2, 322/3, 322/4, 335, 347 (शामिल खसरा 348/2) 354/2 (शामिल 354/3), 355/1, 356/2 रकबा क्रमशः 0.1380, 0.0240, 0.0530, 0.0490, 0.5260, 0.0570, 0.1620, 0.1090, 0.1740, 0.0970, 0.0200, 0.0730 हे. कुल 1.482 हे. 3.66 एकड़ को आद्योगिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तन के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनिवाई दिनांक 10.07.2024 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त अपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर

# सक्ती से अपहृत लड़की चार घंटे के अंदर सुरक्षित बरामद

**सक्ती।** पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर के निर्देशन में सक्ती जिले की पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने संवेदनशीलता एवं मानवता का परिचय देते हुए तत्काल चार टीम बनाकर एक अपहृत लड़की को चार घंटे के अंदर सुरक्षित बरामद करा लिया है। ग्राम चिस्दा निवासी रामनाथ जलतारे ने 28 जून 2024 को थाना में लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया कि उनकी लड़की अनुपमा जलतारे (26) जो कि ग्राम सराईपाली (सक्ती) में सीएचओ के पद पर पदस्थ है, वह अपने भाई डकेश्वर के साथ 27 जून 2024 को सक्ती गई थी। शाम लगभग 7.30 बजे चौपाटी के पास से वह लापता हो गई। रात लगभग 9.38 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा लड़की के मोबाइल से उसके भाई को फोन कर 15 लाख रूपए फिरौती की मांग की गई थी। फिरौती नहीं देने पर जान से बोरी में भरकर फेंक देने की धमकी दी गई थी। उक्त घटना की सूचना 28 जून 2024 को दोपहर 12 बजे प्राप्त होने पर थाना प्रभारी सक्ती द्वारा पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा को अवगत कराया गया। प्रकरण की गंभीरता एवं फिरौती की मांग को देखते हुए एसपी अंकिता शर्मा द्वारा संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल सायबर सेल प्रभारी एवं सक्ती पुलिस की चार टीमों को गठित कर डिजिटल एवं मैनुअल आधार पर तलाश के लिए कोरबा, बिलासपुर, सक्ती रवाना किया गया तथा किसी भी तरह से सुरक्षित रूप से लड़की को बरामद करने का निर्देश दिया गया, जिसके आधार पर सक्ती पुलिस एवं बिलासपुर जिला पुलिस की मदद से मात्र चार घंटे के अंदर लड़की को एक लड़के के साथ बिलासपुर में बरामद किया गया है,

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

NO.021-10/PUBLICATION/2447 — Korba West, dtd. 27.06.2024

**e-Bidding TENDER NOTICE No. 1286/2024.**

**Online tenders** are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Work/Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100037700 | Carrying shift fitters activities in shift duty around the clock at CHP: Internal (4x210 MW), HTPS, Korba West. | 590/- | 9,420/- | 19.07.2024 |
| 2. | Rfx No. 8100037701 | Material Handling and Maintenance work at WS&G, Div., HTPS, Korba West. | 590/- | 9,530/- | 19.07.2024 |
| 3. | Rfx No. 8100037704 | Repairing of damaged Carrying Rollers (II-I) of CHP: External, HTPS, Korba West. | 590/- | 9,865/- | 18.07.2024 |
| 4. | Rfx No. 8100037706 | Round the year work contract for Testing -II, S.E. (E&T-II), PH-II, HTPS, Korba West. | 590/- | 13,870/- | 18.07.2024 |

NOTE:-1.Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in-e-Bidding. 2. Quantity as per tender schedule.

SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

S-40605/3

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No.15-06/S&P/P/TN-90/24/1674 — Marwa, dtd. 26-06-2024

**NOTICE INVITING E-TENDER NO TN-90/2024 : -**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) for supply of material by manufacturers as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

| S. No | Tender Specification No. | Rfx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Date/Time of submission of bid | Tender Fee (Rs.) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/ S&P/ EE-II/P/ T-146/24 | 8100037681 | Supply of desktop computer, printer and UPS for various department of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 26.07.2024 15:30 Hrs | Rs. 590/- (500 + GST @18%) | Rs. 10,550/- |
| 02. | 15-06/S&P/ EE-I/P/ T-147/24 | 8100037651 | Supply of various types of metal bars used for day to day repairing and maintenance work of turbine & auxiliaries and BOP at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 26.07.2024 15:30 Hrs | Rs. 590/- (500 + GST @18%) | Rs. 12,220/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

S-40611/3

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्र1200/अ.वि.अ./व्यपवर्तन/2024 , जांजगीर दिनांक 20.6.24

एतद् द्वारा आम जनता घुठिया को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नरेन्द्र कुमार राठौर पिता श्री दुखीराम राठौर, निवासी ग्राम बिरगहनी (च) तहसील जांजगीर के द्वारा ग्राम घुठिया प.ह.नं.05 तहसील जांजगीर स्थित भूमि ख.नं. 332, 333, 334, 340 रकबा क्रमशः 0.077, 0.1050, 0.3240, 0.4090 कुल 0.9150 हे. 2.26 एकड़ को आद्योगिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तन के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनिवाई दिनांक 10.07.2024 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त अपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर

# यातायात पुलिस ने किया स्कूली वाहनों का फिटनेस चेक

**जांजगीर।** स्कूली वाहनों में बच्चों के परिवहन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था दृष्टिगत रखते हुए यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर स्कूलों में चलने वाले स्कूल बस एवं वाहनों का फिटनेस चेक/ भौतिक सत्यापन किया गया।

अभियान के तहत जांजगीर शहर में संचालित जयभारत स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर नैला, ग्रिन व्हेली स्कूल में चलने वाले 20 स्कूल वाहन को चेक किया गया।जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु विशेष अभियान चलाकर स्कूलों में चलने वाले स्कूल बस एवं वाहनों को सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों को संचालित कराने हेतु स्कूल में चलाने वाले वाहनों चेक किया जा रहा है। इसी क्रम में *अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर श् राजेन्द्र कुमार जायसवाल के उचित मार्ग दर्शन में दिनांक 28.06.2024 को यातायात पुलिस द्वारा जांजगीर के जय भारत स्कूल जाकर उपस्थित स्कूल 12 वाहनों के दस्तावेज चेक किया गया सभी दस्तावेज सही पाये गयें। बी.टी.आई. चौक के पास 8 स्कूल वाहनों को चेंक किया गया वाहनों के दस्तावेज सही पाया गया।

01 स्कूल वाहन के चालक द्वारा सीट बेल्ट लगाकर वाहन नहीं चलाते पाये जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया है।यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान स्कूल संचालकों को समझाईस दिया गया कि सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए स्कूल वाहनों का संचालन करें एवं वाहन चालाकों को समझाईस दिया गया कि यातायात नियमों का पालन करें एवं वाहन तेज गति से न चलाये ।

# दुर्घटना में कमी लाने पुलिस कर रही कवायद

**जांजगीर।** जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए



यातायात पुलिस जांजगीर द्वारा यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में दिनांक 27.06.24 को विशेष अभियान चलाया गया जिसमें मोटर सायकल में तीन सवारी, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, वाहन में रिफलेक्टर ग्लास नही होना, बिना हेलमेट के वाहन चलाना, बिना लायसेंस के वाहन चलाना एवं अन्य मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत जिले में कुल 43 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 15,800/रू का समन शुल्क लिया गया। जिला पुलिस जांजगीर द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन नही चलाने एवं वाहन में प्रेशर हार्न नही लगाने तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइस दी जा रही है।

## अनमोल वचन......

फिर से प्रयास करने से कभी मत घबराना क्योंकि, इस बार शुरुआत शून्य से नहीं अनुभव से होगी!

## दूरगामी एजेंडे का हिस्सा

*लोकसभा के सदस्यों से आवश्यक शिष्टता, शालीनता, मर्यादा, भाषाई संयम और व्यावहारिक विवेक की अपेक्षा करना तो लगभग संभव ही नहीं रह गया है। फिर भी उनके महत्त्वपूर्ण लोकतांत्रिक पद के अनुसार न्यूनतम शिष्टाचार की उम्मीद तो रहती ही है। लेकिन इस बार नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ लेते समय शपथ ग्रहण मंच को जिस तरह से अपने-अपने एजेंडे का माध्यम बनाया वह जितना हतप्रभ करने वाला था उतना ही दुखद भी था। भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने शपथ लेने के बाद 'श्यामाप्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद' के नारे लगाए। तो बरेली के भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने जय हिन्दू राष्ट्रवाद का नारा लगाकर धर्मनिरपेक्षवादी विपक्ष को सुई चुभाने का काम किया। इसी तरह अनेक नवनिर्वाचित सांसद एक के बाद एक अपने-अपने एजेंडे को सामने रखते हुए शपथ लेने के समय नारे लगाते देखे गए। लेकिन सबसे ज्यादा हैरत में डालने वाला शपथ ग्रहण ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुसलमीन के नेता असद्दीन ओवैसी का रहा। उन्होंने विशुद्ध इस्लामिक तरीके से अल्लाह के नाम पर शपथ ली और शपथ लेने के बाद जो नारे लगाए वे थे जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन। प्रत्यक्षत~ लग सकता है कि उनके ये नारे सत्ता पक्ष को चिढ़ाने के लिए थे।*

*इन नारों से सत्ता पक्ष विशेषकर राष्ट्रवादी भाजपा का कुनबा चिढ़ा भी, गुस्सा भी हुआ और आक्रामक भी। लेकिन इस पक्ष के पास ऐसा कोई कानूनी औजार नहीं था जिससे इस तरह की शपथ लेने वाले, हर समय इस्लाम और मुसलमान की दुहाई देने वाले इस सांसद ओवैसी को दंडित जैसा कुछ किया जा सके। वस्तुतः ओवैसी जैसे मुस्लिम नेता ऐसी बातें भ्रमवश, चूकवश या सिर्फ उकसावे के लिए नहीं करते। इस तरह की चीजें उनके दूरगामी एजेंडे का हिस्सा होती हैं जिसमें इस्लामी वर्चस्व, धर्मनिरपेक्षता, लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं और इनके नाम पर मिली अभिव्यक्ति की आजादी इनके मुख्य एजेंडे के लिए सिर्फ कवच मात्र होते हैं। इसलिए ओवैसी के नारों के निहितार्थ से केवल भाजपा, आरएसएस कुनबे को कम, बल्कि कथित धर्मनिरपेक्षतावादियों को ज्यादा चिंतित होना चाहिए और उन्हें इस तरह की स्थितियों को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्हें समझना चाहिए कि इनमें भविष्य की जिन टकराहटों की आहट छिपी हुई है, वह इस देश में सांप्रदायिक सद्भाव के स्वप्न को कभी पूरा नहीं होने देगी।*

## राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहने वाला है। आज आपको लोगों की मदद मिलती रहेगी, जिससे आप काफी राहत महसूस करेंगे। परिवार वालों के साथ आप खुशियों के पल बिताएंगे। इस राशि के विद्यार्थियों की अध्ययन के प्रति रूचि बढ़ेगी। आपको कुछ नए मौके मिलने की संभावना है।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको कोर्ट-कचहरी के मामलों में जीत हासिल होगी। आपके मान-प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी। कारोबार में कुछ नए लोग आपसे जुड़ने की कोशिश करेंगे। ऑफिस में किसी महिला मित्र का सहयोग प्राप्त होगा। आर्थिक पक्ष पहले से बेहतर रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर सामने आएंगे। सोचे हुए कुछ जरूरी काम पूरे होंगे।

मिथुन राशिःआज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको नए लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। किसी भी काम को करने से पहले बड़ों की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। बच्चे पढ़ाई के प्रति कुछ कम रूचि लेंगे। उन्हें पढ़ाई-लिखाई में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बिजनेस में विरोधियों से आपको बचकर रहना चाहिए।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके माता-पिता के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा। बढ़ते खर्च को कम करने के लिए नया प्लान बनाएंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज किसी काम को पूरा करने में कुछ समय लग सकता है।

सिंह राशिः आज आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। आज घर पर अचानक मेहमानों का आगमन होगा। आज आपका ध्यान धार्मिक कार्यों की तरफ रहेगा। कार्यों में जीवनसाथी के सहयोग से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक बड़ा धन लाभ होने के योग बन रहे है।

कन्या राशिः आज कारोबार में आपको लाभ ही लाभ होगा। शैक्षणिक कार्यों में आपका मन लगेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। घरेलू काम को निपटाने में आप सफल रहेंगे। आज कई योजनाएँ समय से पूरी हो जाएंगी। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी-खासी सफलता मिलेगी।

तुला राशिः आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर बनी रहेगी। आज काम का बोझ अधिक हो सकता है, लेकिन आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा प्रयास करेंगे, काम उतना ही बेहतर तरीके से होगा। आज किसी अनुभवी की राय आपके लिए बेहतर साबित होगी। जीवनसाथी के साथ अपने रिश्ते को लेकर आप भावुक हो सकते हैं। कारोबार में आज आपको फायदा होगा। दांपत्य जीवन में नयी-नयी खुशियां आएंगी।

वृश्चिक राशिः आज आपका सोचा हुआ काम पूरा होगा। आसपास के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा। आज आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी। आज व्यापार को बढ़ाने के लिए कोई फैसला लेंगे, जिसका फायदा अवश्य मिलेगा। रोजमर्रा के काम समय पर पूरे होंगे।

धनु राशिः आज आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आज आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। आज की गयी व्यापारिक यात्रा से लाभ होगा। परिवार में सभी सदस्यों के साथ आपसी सामंजस्य बना रहेगा। ऑफिस में काम को पूरा करने में पूरी तरह से आप सक्षम होंगे। इस राशि के लॉ की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया रहेगा।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे। आज आप घर के लिए कुछ नया सामान खरीदेंगे। जीवन में आगे बढ़ने के नए रास्ते खुलेंगे। आज वाहन लेने के योग बन रहे हैं। आज आप कुछ नए कार्य प्रारंभ करने का मन बनाएंगे।

कुंभ राशिःआज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। आज आय के नए स्रोत सामने आयेंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। आज जीवनसाथी आपकी तारीफ करेंगे, इससे आपके रिश्ते में और मधुरता आएगी।

मीन राशिः आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। करियर में आपको सफलता मिलेगी। आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए। समय से काम पूरा कर लेना बेहतर रहेगा। आज शाम को किसी पारिवारिक समारोह में जाने का मौका मिलेगा। जीवनसाथी के साथ रिश्तें बेहतर बनेंगे।

# सियासत होती ही ऐसी है

//नवल किशोर कुमार//

**सियासत होती ही ऐसी है कि कोई भी सीधी राह नहीं चलता। एक यदि आरएसएस को अपवाद मान लिया जाए तो चाहे वे समाजवादी रहे हों या वामपंथी या फिर कांग्रेस जैसे नरम दक्षिणपंथी ही क्यों न हो, सभी अपनी राह समय और परिस्थितियों के अनुसार बदलते रहे हैं। इनमें अंबेडकरवादी आंदोलन से उपजे राजनीतिक दल भी शामिल हैं। चूंकि वर्तमान में देश में दलित समुदायों को सबसे अधिक बहुजन समाज पार्टी प्रिय है, लिहाजा यह बेहद मौजूं विषय है कि मायावती अपनी राजनीति में किस तरह की करवटें बदल रही हैं।**

हाल में उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक बनाकर फिर से अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है जबकि लोक सभा चुनाव के प्रारंभिक चरणों में उन्होंने आकाश आनंद को न केवल राष्ट्रीय समन्वयक, बल्कि अपने उत्तराधिकार की गद्दी से भी उतार दिया था। तब मायावती ने कहा था कि आकाश अभी अपरिपक्व हैं। दरअसल, इस बार के लोक सभा चुनाव के पहले बसपा को लेकर उसके कैडर में ऊहापोह की स्थिति रही। वजह यह कि मायावती ने अंतिम समय तक अपने पत्ते नहीं खोले कि वह इंडिया गठबंधन में शामिल होंगी या एनडीए गठबंधन में। अंतिम समय में उन्होंने अकेले ही चुनाव लड़ने का निर्णय लिया।

लेकिन जिस तरह से उन्होंने उत्तर प्रदेश, जहां लोक सभा की कुल 80 सीटें हैं, में अपने उम्मीदवारों, जिनमें अधिकांश मुसलमान थे, का चयन किया तो उनके कैडर मतदाताओं को भी लगने लगा कि मायावती खास रणनीति के तहत चुनाव लड़ रही हैं। हालांकि पहला मौका नहीं था जब मायावती ने दलित और अल्पसंख्यक मतदाताओं पर यकीन किया। इसके पहले भी वह इस रणनीति को आजमाती रही हैं। लेकिन तब होता यह था कि ओबीसी का एक हिस्सा उनके साथ खड़ा रहता था। इसके पीछे वजह यह होती थी कि पिछड़ा वर्ग के अनेकानेक नेता तब बसपा के हिस्सा थे। इनमें स्वामी प्रसाद मौर्य से लेकर बाबू सिंह कुशवाहा आदि नेता भी थे। इस कारण होता यह था कि दलित, अल्पसंख्यक और गैर-यादव पिछड़ा वर्ग के साथ होने की वजह से बसपा या कहिए कि मायावती की राजनीति चलती रहती थी। लेकिन धीरे-धीरे गैर-यादव पिछड़ा वर्ग बसपा से दूर होने लगा। यही वजह रही कि 2007 में उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में अपने बूते सरकार बनाने वाली मायावती पिछली बार हुए विधानसभा चुनाव में केवल एक सीट और हाल में संपन्न लोक सभा चुनाव में एक सीट भी जीतने में नाकाम रहीं, लेकिन इस बार के चुनाव के पहले तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बसपा के समर्थकों के मन में एक आस थी। यह आस आकाश आनंद के रूप में थी। आस की वजह यह थी कि मायावती ने एक नौजवान को अपना उत्तराधिकारी बनाया था और उनके समर्थकों को लगने लगा था कि अब यह पार्टी फिर से जीवित हो सकेगी। इसी विश्वास और कामना के साथ आकाश आनंद ने जब पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी के लिए चुनावी अभियान की शुरुआत की तब उनके समर्थकों में जोश भर गया। बड़ी संख्या में लोग उनकी रैलियों में जुटने लगे।

एकबारगी लगने लगा कि बसपा भाजपा की 'बी' टीम नहीं है। इसकी वजह भी थी। और वजह यह थी कि आकाश आनंद ने केंद्र में सत्तासीन भाजपा को आड़े हाथों लेना शुरू किया। उन्होंने बेरोजगारी, महंगाई और देश में बढ़ रही नफरत के लिए भाजपा की आलोचना खुले मंच से की। आकाश आनंद के इस रुख ने देश भर के राजनीतिक विश्लेषकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। बसपा के कैडर समर्थकों को भी लगने लगा कि यदि यही दिशा और संवेग कायम रहा तो जो गैर-यादव पिछड़ा वर्ग है और जो मुसलमान हैं, वे बसपा को अपना समर्थन देंगे। लेकिन इससे पहले कि आकाश आनंद की यह रणनीति विस्तार पाती, मायावती ने उन्हें उत्तराधिकारी की गद्दी से नीचे उतार दिया। उनके द्वारा अचानक लिए गए इस फैसले को उनके कैडर समर्थकों ने भी इसी रूप में माना कि शायद मायावती को आकाश आनंद द्वारा भाजपा सरकार की आलोचना पसंद नहीं है, और यह इसलिए कि वह भाजपा के दबाव में हैं। नतीजा यह हुआ कि चंद्रशेखर आजाद जैसे युवा दलित नेता ने पहली ही बार में नगीना लोक सभा का चुनाव जीत लिया और मायावती बुरी तरह हार गईं। मायावती के उपरोक्त कदम से सबसे अधिक निराश गैर-जाटव दलित, गैर-यादव पिछड़े और मुसलमान हुए, लेकिन लोक सभा चुनाव के बाद मायावती ने अपने फैसले को दुबारा क्यों पलटा, इस बारे में हालांकि उनकी ओर से कोई सफाई नहीं दी गई है, लेकिन सियासी गलियारे में सभी जानते हैं कि लोक सभा चुनाव में जीत मिलने के बाद चंद्रशेखर की पकड़ दलित मतदाताओं पर तेजी से बढ़ने लगी है।

हाल में चंद्रशेखर ने सार्वजनिक रूप से यह बयान भी दिया था कि यदि आकाश आनंद चाहें तो उनकी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। माना जा रहा है कि चंद्रशेखर के इस सार्वजनिक आमंत्रण ने मायावती को अपना फैसला बदलने पर मजबूर कर दिया। उन्हें भय सताने लगा कि यदि आकाश चंद्रशेखर के साथ चले गए तब बसपा के कैडर समर्थकों का एक बड़ा हिस्सा उनके साथ हो जाएगा और बदली हुई परिस्थितियों के मद्देनजर यह नामुमकिन भी नहीं है। इसे ऐसे देखें कि अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश में पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक की राजनीति कर रहे हैं, और इस बार लोक सभा चुनाव में उन्होंने इसी फार्मूले के आधार पर भाजपा को 33 सीटों पर समेट दिया।

अब चूंकि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव की बारी है तो अखिलेश अपने इसी फार्मूले को आजमाएंगे। उनका पूरा जोर गैर-यादव ओबीसी, दलितों और अल्पसंख्यकों को साधने पर होगा, जो पूर्व में एक तरह से बसपा की रणनीति हुआ करती थी। ऐसे में मायावती के पास खुद को और अपनी पार्टी को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए पहल लेनी ही थी। इसलिए उन्होंने आकाश को फिर से जिम्मेदारी सौंपी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि आकाश आनंद मायावती के उत्तराधिकारी के रूप में अपनी दूसरी पारी में कितना प्रभाव डाल पाते हैं, और यह भी कि मायावती अखिलेश के पीडए फार्मूले का काट ढूंढ़ती रहेंगी या फिर भाजपा के खिलाफ उठ खड़ी होंगी।

# संविधान और संसद के लिए ख़तरनाक प्रवृत्ति

//रजनीश कपूर//

**आनेवाले वर्षों में कोई सांसद 'जय अमेरिका', 'जय पाकिस्तान' या 'जय चीन' का भी नारा लगा सकता है। इस तरह भारत की संसद संयुक्त राष्ट्र का अखाड़ा जैसी बन जाएगी। इसलिए इस ख़तरनाक प्रवृत्ति पर लोकसभा और राजसभा के अध्यक्षों को फ़ौरन रोक लगानी चाहिए। संसद में चाहे जय श्री राम का नारा लगे और चाहे अल्लाह हो अकबर का दोनों ही राजनैतिक उद्देश्य से लगाए जाने वाले नारे हैं जिनका उद्घोष संसद में नहीं होना चाहिए।**

लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेते समय हैदराबाद के सांसद अससुद्दीन ओवैसी ने एक ऐसा नारा लगाया जिस पर पूरा देश चौक गया। उन्होंने 'जय भीम', 'जय मीम', 'जय तेलंगाना' और 'जय फ़िलिस्तीन' का नारा लगाया। जहां तक 'जय भीम' और 'जय तेलंगाना' जैसे नारों की बात है तो ये देश के सीमाओं के दायरे में आते हैं। पर एक दूसरे देश की जयकार बोलना, वो भी संसद के भीतर, ये किसी के गले नहीं उतरा। ओवैसी ने एक बहुत ही ग़लत परंपरा की शुरुआत की है। आनेवाले वर्षों में कोई सांसद 'जय अमेरिका', 'जय पाकिस्तान' या 'जय चीन' का भी नारा लगा सकता है। इस तरह भारत की संसद संयुक्त राष्ट्र का अखाड़ा जैसी बन जाएगी। इसलिए इस ख़तरनाक प्रवृत्ति पर लोकसभा और राजसभा के अध्यक्षों को फ़ौरन रोक लगानी चाहिए।सब जानते और मानते हैं कि भारत एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है। धर्म निरपेक्ष का मतलब नास्तिक होना नहीं है। बल्कि इसका भाव है, सर्व धर्म समभाव, यानी हर धर्म के प्रति सम्मान का भाव। पर देखने में यह आया है कि भारत में रहने वाले मुसलमानों और हिंदुओं के कुछ नेता सांप्रदायिकता को भड़काने के उद्देश से धार्मिक उन्माद बढ़ाने वाले नारे लगवाते हैं। जिससे उनके वोटों का ध्रुवीकरण हो। जहां एक तरफ़ बरसों से मुसलमानों को अल्पसंख्यक बता कर उनके पक्ष में ऐसे काम किये गये जो संविधान की मूल भावना के विरुद्ध थे। जैसे रमज़ान में सरकारी स्तर पर इफ़्तार की दावतें आयोजित करना। अगर ऐसी दावतें अन्य धर्मों के उत्सवों पर भी की जातीं तो किसी को बुरा नहीं लगता। पर ऐसा नहीं हुआ। नतीजा यह हुआ कि हिंदुत्व की राजनीति करने वालों को अपने समर्थकों को उकसाने का आधार मिल गया। शायद इसी का परिणाम है कि पिछले दस वर्षों में भाजपा के सांसदों और विधायकों ने संसद और विधान सभाओं में ज़ोर-ज़ोर से व सामूहिक रूप से धार्मिक नारे लगाना शुरू कर दिया। इसका परिणाम ये हो रहा है कि अब मुसलमानों के बीच भी उत्तेजना और आक्रमकता पहले से ज़्यादा बढ़ गई है। जबकि ये एक ख़तरनाक प्रवृत्ति है, जिसे सखूती से रोका जाना चाहिए वरना समाज में गतिरोध और हिंसा बढ़ेगी। वैसे इस तरह का वातावरण असली मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए भी तैयार किया जाता है। इसलिए समझदार हिंदू और मुसलमान अपने धर्म के प्रति आस्थावान होते हुए भी इस हवा में नहीं बहते हैं। हिंदुत्व का समर्थक कोई पाठक मुझसे तर्क कर सकता है कि हिंदुस्तान में भाजपा के सांसदों और विधायकों को अगर हिन्दुवादी नारे लगाने से रोका जाएगा तो क्या हम फ़िलिस्तीन में जा कर ये नारे लगाएँगे। मेरा उत्तर है कि मैं एक सनातन धर्मी हूँ और मेरा परिवार और पूर्वज शुरू से आरएसएस से जुड़े रहे हैं। लेकिन पिछले 30 वर्षों में हिंदुत्व की राजनीति का जो चेहरा मैंने देखा है उससे मन में कई सवाल खड़े हो गये हैं। जब देश की आबादी 141 करोड़ है, इनमें से 97 करोड़ वोटर हैं। उसमें से केवल 36.6 प्रतिशत वोटरों ने ही इस चुनाव में भाजपा को वोट दिया है। मतलब ये कि कुल 111 करोड़ हिंदुओं में से केवल 35 करोड़ हिंदुओं ने बीजेपी को वोट दिया। तो भाजपा सारे हिन्दू समाज के प्रतिनिधित्व का दावा कैसे कर सकती है। चूँकि देश की आबादी में 78.9 प्रतिशत हिंदू हैं और उनमें से एक छोटे से हिस्से ने बीजेपी को वोट दिया है। मतलब बहुसंख्यक हिंदू भाजपा की नीतियों से सहमत नहीं हैं। हम सब मानते हैं कि हमारा धर्म सनातन धर्म है।

जिसका आधार है वेद, पुराण, गीता, भागवत, रामायण आदि ग्रंथ। क्या भाजपा इनमें से किसी भी ग्रंथ के अनुसार आचरण करती है? अगर नहीं तो वे कैसे हिंदू धर्म के पुरोधा होने का दावा करती है। हमारे धर्म के चार स्तंभ हैं, उन चारों पीठों के शंकराचार्य जिन्हें आदि शंकराचार्य जी ने सदियों पहले भारत के चार कोनों में स्थापित किया था। क्या भाजपा इन चारों शंकराचार्यों को यथोचित सम्मान देती है और इनके ही मार्ग निर्देशन में अपनी धार्मिक नीति बनाती है। अगर नहीं तो फिर बीजेपी हिंदू धर्म के पुरोधा कैसे हुए सनातन धर्म में साकार और निराकार दोनों ब्रह्म की उपासना स्वीकृत है। इस तरह उपासना के अनेक मार्ग व अधिकृत संप्रदाय हैं। इसलिए पूरे देश में व्याप्त सनातन धर्म का कोई एक झंडा या एक जय घोष नहीं होता। जैसे 'जय श्री राम' किसी अधिकृत संप्रदाय का जयघोष नहीं है। प्रभु श्री राम को लोग 'जय सिया राम', 'राम-राम' 'जय रामजी की' आदि अनेक संबोधनों से पुकारते हैं।

'जाकी रही भावना जैसी हरि मूरत देखी तिन तैसी'। फिर केवल 'जय श्री राम' धार्मिक उदघोष कैसे हुआ ऐसी तमाम अन्य सब बातों को भी देख सुनकर कर यह स्पष्ट होता है कि भाजपा का हिंदुत्व सनातन धर्म नहीं है। ये इनकी राजनीति के लिये एक अस्त्र मात्र है। इसका अर्थ यह हुआ कि संसद में चाहे जय श्री राम का नारा लगे और चाहे अल्लाह हो अकबर का दोनों ही राजनैतिक उद्देश्य से लगाए जाने वाले नारे हैं जिनका उद्घोष संसद में नहीं होना चाहिए। जय फ़िलिस्तीन का नारा तो और भी ख़तरनाक प्रवृत्ति को दर्शाता है। आशा की जानी चाहिए कि संसद के दोनों सदनों के अध्यक्ष इस विषय पर गंभीरता से विचार करके संविधान और संसद की गरिमा बचाने का काम करेंगे।

# वायु प्रदूषण से होती लाखों मौतों के लिये कौन जिम्मेदार

जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। कहते हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश की हवा में घुलते प्रदूषण का 'जहर' अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है, इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है। तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्ता इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियां ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दर्शाता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से वह प्रदूषण फैला रहा है और किस तरह वे इस जानलेवा प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहयोगी हो सकते हैं। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है। क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा है। क्यों भयभीत नहीं है। देश की जनता दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करती है, जानबूझकर प्रदूषण फैलाती है ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सके। प्रदूषण के नाम पर भी कोरी राजनीति का होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## तस्वीरों की दुनिया


बंगाल चुनाव के दौरान कथित चुनाव-पश्चात हिंसा की जांच करने वाली भाजपा की तथ्य-खोजी टीम ने नई दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को अपनी रिपोर्ट सौंपी।


नई दिल्ली में निगम बोध घाट के पास बारिश के बाद जलमग्न सड़क से गुजरते वाहन।


नई दिल्ली के जंगपुरा में बारिश के बाद जलभराव वाली सड़क से गुजरते वाहन।


अमरनाथ यात्रा 2024 के पहले जत्थे के लिए श्रद्धालुओं को लेकर एक बस जम्मू से रवाना हुई।


कांग्रेस सांसद राहुल गांधी नई दिल्ली में 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान बोलते हुए।


जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अनंतनाग में अमरनाथ यात्रा 2024 के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाई।


केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान 18वीं लोकसभा सत्र के 5वें दिन नई दिल्ली में भाग लेने के लिए संसद पहुंचे।

# दिल्ली और जबलपुर की घटनाओं के बाद एक्शन में सरकार



**नईदिल्ली, 29 जून [एजेंसी]।**

एक ही दिन दिल्ली (टर्मिनल-एक) और जबलपुर हवाई अड्डे की छत के एक हिस्से के गिरने से उपजी स्थिति से निपटने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने शाम को एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक में कई फैसले लिए गए, ताकि मौजूदा हालात में आम यात्रियों की रक्षा हो सके व उनके हितों की सुरक्षा हो सके। इस क्रम में एक फैसला यह किया गया है कि देश के सभी प्रमुख बड़े व छोटे हवाई अड्डों की ढांचागत मजबूती की जांच की जाएगी। इसके लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को निर्देश दिया गया है कि वह दो से पांच दिनों के भीतर यह काम पूरा कराए और इसकी रिपोर्ट केंद्रीय मंत्री को उपलब्ध कराए। इस रिपोर्ट के आधार पर मंत्रालय ने हवाई अड्डों की सुरक्षा को लेकर एक दीर्घकालिक नीति बनाने का फैसला किया है।

टर्मिनल-एक पर कई उड़ानें रद कर दी गई हैं, जिसका असर दिल्ली से दूसरे शहरों को जाने वाले उड़ानों के किराये पर पड़ने की संभावना है। इसे देखते हुए मंत्रालय ने सभी उड्डयन कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे अनावश्यक तौर पर किराया न बढ़ाएं और यात्रियों की सुविधा का ख्याल रखते हुए किराये को स्थिर रखें।साथ ही जिन यात्रियों की टिकटें रद हुई हैं, उनकी सहूलियत के लिए टर्मिनल-दो और टर्मिलन-तीन में चौबीसों घंटे खुला रखने वाला वॉर-रूम गठित किया गया है। इसकी निगरानी सीधे तौर पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय करेगा। टर्मिनल-दो पर इंडिगो एयरलाइन के यात्रियों के लिए नंबर है, 7428748308 और 7428748310। जबकि टर्मिनल-तीन पर स्पाइसजेट के लिए नंबर है, 0124-4983410 और 9711209864। मंत्रालय की तरफ से जानकारी दी गई है कि एयरलाइनों को निर्देश दिया गया है कि अगर उड़ानें रद होती हैं तो प्रभावित यात्रियों को दूसरी फ्लाइटों में जगह मिले या उनका किराया सात दिनों के भीतर वापस लौटाने की व्यवस्था की जाए। सनद रहे कि टर्मिनल-एक के बंद होने से कई उड़ानों के रद किए जाने की सूचना है। उच्च स्तरीय बैठक में टी-एक की घटना की जांच तत्काल ही आईआईटी दिल्ली के इंजीनियरों से कराने का फैसला लिया गया है। इसके आधार पर ही आगे की जांच का फैसला होगा।

## ग्रेटर नोएडा में निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से तीन मासूमों की मौत, पांच अन्य बच्चे घायल



**नोएडा।** सूरजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक निर्माण दिन मकान की दीवार गिरने से तीन मासूम की मौत हो गई। इस घटना में कुल आठ बच्चे घायल हुए थे, जिनमें तीन की मौत हो गई। अभी पांच अन्य का इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के गांव खोदना कला में एक मकान का निर्माण हो रहा था। निर्माणाधीन मकान के पास ही या अपने परिवार के साथ रह रहे थे। सूरजपुर कोतवाली पुलिस के अनुसार शुक्र वार की शाम करीब 7.30 बजे करीब यह हादसा हुआ। घटना में तीन बच्चों की मौत हो गई। खोदना कलां गांव में शकील के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है । यही पास में वह लोग रहते थे। शकील की बहन और उनके बच्चे घर पर आए हुए थे। एडीएम सिटी अतुल कुमार ने बताया,एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से 8 बच्चे मलबे में दब गए। डॉक्टरों ने 3 बच्चों को मृत घोषित कर दिया और 5 का इलाज चल रहा है। पुलिस टीम घटना की जांच कर रही है।देर शाम बहन और उनके बच्चे निर्माणाधीन मकान की दीवार के पास खेल रहे थे। इसी दौरान निर्माण दिन मकान की दीवार ढह गई। घटना में आठ बच्चे आहद (4) हुसैन (5), आदिल (8), अलफ़िज़ा (2) , सोहना (12), वासील (11) , समीर(15) सगीर के मकान की दीवार गिरने से घायल हो गए। जिसमें आहद, आदिल व अलफिदा की उपचार के दौरान मौत हो गई।

## बंगाल में जम्मू तवी एक्सप्रेस के साथ कोलकाता एयरपोर्ट पर बम रखे होने की खबर, मचा हड़कंप




**कोलकाता, 29 जून [एजेंसी]।**

जम्मू तवी एक्सप्रेस में विस्फोटक रखे जाने की सूचना से शुक्रवार को यात्रियों में हड़कंप मच गया। दक्षिणेश्वर स्टेशन पर ट्रेन को रोककर खोजी कुत्ते के जरिए तलाशी ली गई। आरपीएफ और जीआरपी के जवानों ने भी तलाशी शुरू कर दी। रेलवे पुलिस का कहना है कि कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।रेलवे पुलिस को किसी ने सूचना दी कि कोलकाता स्टेशन जाने वाली ट्रेन के एस-8 डिब्बे में विस्फोटक है। सीआईडी व बम निरोधक दस्ते को सूचना दे दी गई। इसके बाद ट्रेन के यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।वहीं, दूसरी ओर कोलकाता एयरपोर्ट पर शुक्रवार को बम रखे जाने की सूचना से दहशत फैल गई। एक व्यक्ति ने कोलकाता से पुणे जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में बम रखे जाने की सूचना दी।

एयर एशिया की फ्लाइट को 100 यात्रियों के साथ कोलकाता से पुणे के लिए रवाना होना था। जैसे ही विमान रनवे पर जाने वाला था, तभी बम की खबर आई। इस घटना में योगेश भोसले नामक एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। जांच के दौरान सीआईएसएफ ने पूछा कि बैग में क्या है तो योगेश भोसले ने जवाब दिया कि बैग में बम है। सीआईएसएफ ने तुरंत यात्री को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। अधिकारियों ने विमान की तलाशी ली लेकिन कुछ नहीं मिला।

## उत्तर प्रदेश के इन 36 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, मौसम विभाग ने जारी चेतावनी

**लखनऊ, 29 जून [एजेंसी]।**

**प्रदेशभर में मानसून छा गया है। पश्चिम-दक्षिणी और पूर्वी तराई वाले जिलों में मानसून के सक्रिय होने से बारिश की तीव्रता बढ़ गई है। पश्चिमी उप्र के बाद शुक्रवार देर शाम मानसून के लिए टकटकी लगाए बैठे लखनऊ समेत मध्य क्षेत्र के कई जिलों में भी बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले दो दिन राज्य के 36 जिलों में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है।**

उधर, बारिश के बीच वज्रपात से फतेहपुर में तीन, सुलतानपुर, बांदा और मीरजापुर में दो-दो, कानपुर देहात, कानपुर और प्रयागराज में एक-एक जान चली गई। बदायूं जिले में कच्ची दीवार गिरने से दो बच्चियां मलबा में दब गईं, इनमें एक की मृत्यु हो गई। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रविवार से प्रदेश के अधिकांश इलाकों में गरज-चमक के साथ मध्यम से भारी बारिश होगी। इस दौरान प्रदेशभर में औसत अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है।

मानसून की दोनों शाखाओं की सक्रियता बढ़ने के साथ प्रदेशभर में अच्छी बारिश के संकेत मिल रहे हैं। उत्तर-पूर्वी राजस्थान पर बने चक्रवात परिसंचरण से बंगाल की खाड़ी में कम दबाव बन रहा है। बंगाल की खाड़ी में हलचल से नमी बढ़ने के कारण लखनऊ समेत प्रदेश के मध्यवर्ती क्षेत्रों में बारिश शुरू हो गई है। आगामी चार-पांच दिनों तक ज्यादातर क्षेत्रों में गरज-चमक और वज्रपात के साथ मध्यम से भारी वर्षा की स्थिति बन रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार और रविवार को बस्ती, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, पीलीभीत और आसपास के इलाकों में अत्यधिक बारिश की चेतावनी जारी की गई है। हमीरपुर और आसपास के इलाकों भारी बरसात होगी।

## झारखड़ में अब 200 यूनिट बिजली मिलेगी फ्री, 15 लाख का मिलेगा स्वास्थ्य बीमा, कुल 40 प्रस्तावों पर लगी

**रांची, 29 जून [एजेंसी]।**



मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 40 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। इसमें राज्य के 41 लाख से अधिक घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने का निर्णय लिया गया। पूर्व में घरेलू उपभोक्ताओं के 125 यूनिट बिजली प्रतिमाह मुफ्त दी जाती थी। कैबिनेट के निर्णय की जानकारी देते हुए मंत्रिमंडल समन्वय विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने बताया कि मुख्यमंत्री अबुआ स्वाथ्य योजना के तहत अब राज्य के 33 लाख 44 हजार से अधिक परिवारों को 15 लाख रुपए की स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जाएगा। पहले यह राशि पांच लाख थी।बता दें कि राज्य सरकार की यह योजना केंद्र की आयुष्मान योजना से अलग है। मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना के लिए अलग से कार्ड भी दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री बहन बेटी माई कुई योजना केस तहत अब राज्य की निवासी 21 साल से लेकर 51 साल तक की महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार की सहायता राशि दी जाएगी। कैबिनेट ने समग्र शिक्षा योजना के तहत राज्य के बीआरपी, सीआरपी के मानदेय में भी वृद्धि का निर्णय लिया है। इसके अलावा इन्हें तीन प्रतिशत वार्षिक वृद्धि का लाभ भी मिलेगा। रांची में सहजानंद चौक से लेकर जज कालोनी तक एलिवेटेड रोड का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 430 करोड़ 75 लाख की लागत आएगी। कैबिनेट के निर्णय के मुताबिक मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन योजना के लिए एक अरब 16 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें जिला स्तर के सदर अस्पताल से लेकर प्रखंड स्तर और रेफरल अस्पताल के लिए राशि तय की गई है। मुख्यमंत्री बहन बेटी माई कुई योजना के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से महिलाओं के पोषण, स्वाबलंबन के लिए एक हजार रुपए देने का प्रविधान किया गया है। इस योजना पर प्रतिवर्ष 5500 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी। कैबिनेट के निर्णय के मुताबिक देवघर में अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए साठ करोड़ साठ हजार की राशि स्वीकृत की गई है।कैबिनेट के निर्णय के मुताबिक राज्य सरकार के कर्मियों को छठा केंद्रीय वेतनमान के तहत महंगाई भत्ता में वृद्धि का लाभ दिया गया है। उन्हें एक जुलाई 2023 के प्रभाव से 221 प्रतिशत से बढ़ाकर 230 प्रतिशत का महंगाई भत्ता दिया जाएगा। राज्य के पेंशनधारियों को मिलने वाले महंगाई राहत में भी इतनी ही वृद्धि की गई है।

## अमेरिका में 2.75 अरब डॉलर के हेल्थ केयर धोखाधड़ी में तीन भारतवंशियों पर अभियोग, यूं लगाया बीमा कंपनियों को चूना



**वॉशिंगटन, 29 जून [एजेंसी]।**

अमेरिकी न्याय विभाग ने कहा है कि देश में बड़े पैमाने पर हेल्थ केयर योजनाओं की धोखाधड़ी में शामिल होने के आरोप में एक भारतीय और दो भारतीय मूल के व्यक्तियों समेत 193 चिकित्सा पेशेवरों पर अभियोग लगाया गया है।योजनाओं में धोखाधड़ी से लगभग 2.75 अरब डॉलर का प्रभावी और 1.6 अरब डॉलर का वास्तविक नुकसान हुआ है। न्याय विभाग ने गुरुवार को 2024 नेशनल हेल्थ केयर धोखाधड़ी प्रवर्तन कार्रवाई की घोषणा की।

इसके तहत अमेरिका भर के 32 जिलों में 76 डॉक्टरों, नर्सों व अन्य लाइसेंस प्राप्त चिकित्सा पेशेवरों सहित 193 लोगों के खिलाफ आपराधिक आरोप दायर किए गए।न्याय विभाग ने कहा कि मामले में 23 करोड़ डॉलर नकदी के साथ ही लक्जरी गाड़ियां, सोना और अन्य सामान जब्त किए गए हैं। अभियोग के अनुसार, हैदराबाद के 52 वर्षीय डा. विजिल राहुलन के धोखाधड़ी आचरण से मेडिकेयर को 2.87 करोड़ डॉलर का भुगतान करना पड़ा। इसके अलावा उत्तरी वर्जीनिया और कोलंबिया जिले में तैनात 59 वर्षीय मनोचिकित्सक रामा प्रयागा पर स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के साथ 2.71 करोड़ डॉलर की धोखाधड़ी का आरोप है। वहीं, वन व?र्ल्ड थेरेपी के मालिक जसप्रीत जगपाल के विरुद्ध स्थास्थ्य बीमा पर धोखाधड़ी व गलत बिल बनाने का आरोप है। इससे 10 महीने में एक लाख 66 डॉलर का नुकसान हुआ।

## गाजा के बाद अब इजरायल और लेबनान में युद्ध छिड़ने का खतरा, अमेरिका ने भी मारी एंट्री

**वाशिंगटन, 29 जून [एजेंसी]।**



अरब क्षेत्र में अब एक नए युद्ध के लिए बिसात बिछनी शुरू हो गई है। अमेरिका ने अपने युद्धपोत यूएसएस वैस्प को पूर्वी भूमध्य सागर में भेजा है। यह स्थान लेबनान के नजदीक है। ऐसा अमेरिका ने इजरायल की कार्रवाई को अपने समर्थन के प्रतीक के तौर पर किया है। इससे पहले गाजा पट्टी पर हमले के समय अमेरिका ने नजदीक के भूमध्य सागर में अपना विमानवाहक युद्धपोत तैनात कर इजरायली कार्रवाई के प्रति समर्थन जताया था। हाल ही में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनान के सशस्त्र संगठन हिजबुल्ला के साथ युद्ध छिड़ने के संकेत दिए थे। इसके लिए उन्होंने देश की उत्तरी सीमा पर सैन्य टुकड़ियां और हमलावर दस्ते भेजने की बात कही थी।ईरान समर्थित हिजबुल्ला गाजा में इजरायली हमले के विरोध में आठ अक्टूबर, 2023 से इजरायल पर हमले कर रहा है। इजरायल भी हिजबुल्ला के ठिकानों पर जवाबी हमले कर रहा है और इन हमलों में सैकड़ों हिजबुल्ला लड़ाके मारे जा चुके हैं लेकिन हिजबुल्ला के इजरायल पर हमले नहीं रुके हैं। अब जबकि गाजा में इजरायली कार्रवाई लगभग पूरी होने के करीब है तब इजरायल लेबनान में कार्रवाई पर विचार कर रहा है।

## बिहार में 11 दिनों के अंदर गिरा पांचवां पुल मधुबनी में निर्माणाधीन ब्रिज की गिरी बीम



**मधुबनी, 29 जून [एजेंसी]।**

बिहार में पुल क्षतिग्रस्त होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। अब मधुबनी जिले में निर्माणाधीन पुल की साइड बीम भुतही बलान नदी में जलस्तर बढ़ने से गिर गई। बीम की बुधवार को ही ढलाई की गई थी। इसके समानांतर दो अन्य बीम पर भी असर देखा गया। पुल लगभग तीन वर्षों से बन रहा है। पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण कार्य विभाग, झंझारपुर पुल का निर्माण लगभग दो करोड़ 98 लाख रुपये की लागत से करा रहा है। यह कार्य ग्रामीण विकास विभाग, नई दिल्ली के सहयोग से किया जा रहा है। इसके निर्माण का ठेका दरभंगा निवासी ठेकेदार अमरनाथ झा के पास है।

बिहार के अलग-अलग जिलों में 18 जून से अब तक पांच पुलों के गिरने व धंसने की घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि जहां शटरिंग की गई थी, वहां नदी में तेज बहाव के साथ जलस्तर में वृद्धि हो गई। पानी का तेज बहाव शटरिंग को बहा ले गया।इससे बीम टेढ़ी होकर लटक गई। इसके साथ इस स्पैन का स्ट्रैक्चर भी गिर गया। पूर्व में बना एक बीम सुरक्षित है। घटनास्थल पर निर्माणाधीन पुल का कोई जिम्मेदार उपस्थित नहीं था।

## नौसेना में 17 सालों की सेवा के बाद यूएच-3एच हेलीकॉप्टर विदा मानवीय सहायता से लेकर आपदाकाल में निभाई अहम भूमिका

**नईदिल्ली, 29 जून [एजेंसी]।**



भारतीय नौसेना में 17 सालों की गौरवशाली सेवा के बाद शुक्रवार को हरफनमौला यूएच-3एच हेलीकॉप्टर की विदाई हो गई है। इस हेलीकॉप्टर ने मानवीय सहायता और आपदाकाल में अहम भूमिका निभाई है। इसकी डी-इनडक्शन सेरेमनी का आयोजन विशाखापत्तनम में आईएनएस डेगा में किया गया।अधिकारियों ने बताया कि यूएच-3एच हेलीकॉप्टर की जगह अब आईएनएस 350 पर सी किंग 42सी हेलीकॉप्टर लेंगे। विदाई समारोह की अध्यक्षता ईस्टर्न नेवल कमांड के चीफ ऑफ स्टॉफ और वाइस एडमिरल समीर सक्सेना ने की।

सेवानिवृत्त हुए नौसैनिक सपरिवार शामिल हुएयूएच-3एच बेड़े के सेवानिवृत्त हुए नौसैनिक भी इसमें सपरिवार शामिल हुए। भारतीय तटों की गश्त कर रहे यूएच-3एच हेलीकॉप्टरों को आईएनएस जलाश्व नौसैनिक बेड़े में वर्ष 2007 में शामिल किया गया था। इसने अपनी सेवाएं विशाखापत्तनम में आईएनएस 350 और आईएनएस डेगा पर भी दी हैं।

# हेमंत सोरेन की रिहाई पर आया सीएम चंपई का पहला रिएक्शन, मुख्यमंत्री पद को लेकर कही बड़ी बात

**रांची, 29 जून [एजेंसी]।**



मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने शुक्रवार को पूर्व हेमंत सोरेन को जमानत देने संबंधी आदेश को सत्य की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं।उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री के साथ एक तस्वीर भी पोस्ट की, जिसमें सत्यमेव जयते लिखा है। कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे शुरू से कहते आ रहे थे कि जमीन के जिस मुकदमे को लेकर हेमंत बाबू पर आरोप लगाया गया, उसके बही-खाते में उनका नाम तक नहीं है। उन्हें पूरा भरोसा था कि न्यायालय से हेमंत बाबू को न्याय मिलेगा। चंपई सोरेन ने कहा कि 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन ने चुनाव लड़ा और जनादेश प्राप्त किया। हेमंत सोरेन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं।जेल में उनके रहने पर भी और बाहर आने के बाद गठबंधन और अधिक मजबूत होगा। नेतृत्व परिवर्तन से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि यह गठबंधन का विषय है। सबसे बड़ा संगठन होता है।हेमंत सोरेन की रिहाई से सत्तारूढ़ गठबंधन में उत्साह का संचार हुआ है। राज्य सरकार के मंत्री और हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन ने कहा कि यह न्याय की जीत है। न्यायालय के फैसले का वह सम्मान करते हैं। हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था। न्याय की जीत हुई है। उन्होंने हाई कोर्ट को धन्यवाद दिया। राज्य सरकार के मंत्री दीपक बिरुवा ने हेमंत सोरेन की रिहाई का स्वागत करते हुए कहा- सत्यमेव जयते। हेमंत सोरेन की लड़ाई रंग लाई। उधर मंत्री हफीजुल हसन ने एक्स पर पोस्ट किया - सत्य को कभी पराजित नहीं किया जा सकता। वे हाईकोर्ट के फैसले का दिल से स्वागत करते हैं। फैसले ने तानाशाही ताकतों द्वारा बनाए गए महल को भी ध्वस्त कर दिया है। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सत्य कभी भी परास्त नहीं हो सकता है। न्यायालय ने एक आदिवासी शेर दिल पूर्व मुख्यमंत्री को जमानत दी है। इस फैसले का हृदय से स्वागत और अभिनंदन है।फैसले ने झूठ की रेत पर तानाशाही ताकतों के बनाए गए महल को भी ढाह दिया है। झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि सत्य और हेमंत सोरेन परेशान हो सकते हैं, पराजित नहीं। झामुमो की राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने कहा कि राज्य में खुशी की लहर है। एक युवा और लोकप्रिय मुख्यमंत्री को लोगों से दूर रखने की साजिश की गई। झारखंड की जनता इससे नाखुश थी। सत्ताधारी दल 400 पार का नारा लगा रहा था, लेकिन 200 सीटों पर ही जीत मिली। इन्हें समझ में आ गया है कि लोकप्रिय नेता को कैद में रखना उचित नहीं है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने एक्स पर लिखा कि झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन एक कद्दावर आदिवासी नेता को जमानत देने के उच्च न्यायालय के फैसले से वह बहुत खुश हैं। विधानसभा चुनाव से पहले वास्तव में यह एक बड़ी घटना और गठबंधन के लिए खुशी का क्षण है। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि यह सत्य की विजय है।

## बंगाल शिक्षक घोटाले में सीबीआई ने कसा शिकंजा!

### एजेंसी ने शिक्षा विभाग के गोदाम से बरामद किए दस्तावेज




**कोलकाता, 29 जून [एजेंसी]।**

शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में सीबीआई ने कोलकाता से सटे साल्टलेक स्थित शिक्षा विभाग के मुख्यालय में लगातार तीसरे दिन छापेमारी की। जांच अधिकारियों ने शिक्षा विभाग के सील किए गए गोदाम में भी तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने गोदाम से अनेक दस्तावेज बरामद किए। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक बरामद दस्तावेजों से केंद्रीय जांच एजेंसी को शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच में कुछ अहम तथ्य मिल सकते हैं।

सीबीआई ने सील कर दिया था गोदामशिक्षा विभाग के विभिन्न दस्तावेजों को संग्रहीत करने के लिए उपयोग किए जाने वाले गोदाम को 23 दिसंबर, 2022 को सीबीआई ने सील कर दिया था।

इससे पहले गत चार जनवरी को सीबीआई के जांचकर्ताओं ने विकास भवन में राज्य के शिक्षा सचिव मनीष जैन से पूछताछ की थी और कुछ जरूरी दस्तावेज भी जुटाए थे। मालूम हो कि सीबीआई ने नवंबर 2023 में भी शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में विकास भवन में तलाशी अभियान चलाया था।



## मालविका की तस्वीरों ने इंटरनेट पर मचाया बवाल, अभिनेत्री के खूबसूरत चेहरे से निगाहें हटाना हुआ मुश्किल

साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस मालविका मोहनन हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस उनसे कापी ज्यादा इंप्रेस हो गए हैं।

एक्ट्रेस मालविका मोहनन हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। उनका फैशन स्टेटमेंट अक्सर फैंस के बीच ट्रेंड करता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग लुक देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं।

मालविका मोहनन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान बेहद ही खूबसूरत व्हाइट कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मालविका मोहनन कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक कातिलाना अंदाज में पोज देते हुए सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक लोगों के बीच वायरल होने लगता है। चाहें इंडियन हो या वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर अंदाज में कहर ढाती हैं।

खुले बाल, न्यूड मेकअप लुक कर के एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने अपने आउटलुक को बेहद खूबसूरती के साथ निखारा है।

मालविका मोहनन के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस रजनीकांत की फिल्म पेट्टा, मास्टर, पट्टम रोल, मारन जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

## फिल्म सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी जारी, अक्षय कुमार ने दिखाया आम आदमी का जिद्दी अंदाज

अक्षय कुमार अपनी अगली फिल्म सरफिरा को लेकर कमर कस चुके हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था। वहीं, अब सरफिरा का पहला मार उड़ी जारी कर दिया गया है, जिसमें आम आदमी बने अक्षय कुमार का जिद्दी अंदाज देखने को मिल रहा है। सरफिरा में अक्षय कुमार का किरदार एक ईमानदार शख्स है, जो सिस्टम के खिलाफ जाता है, लेकिन इस सफर में उसके सामने मुश्किलों का एक पहाड़ खड़ा है। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर सरफिरा के लेटेस्ट ट्रैक की रिलीज की जानकारी दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, दिल है ये बावरा, लड़ने से कब डरता हैज। उन्होंने ये भी लिखा, जब जिंदगी कोई चुनौती देती है, तो बस उसकी आंखों में देखो और मार उड़ी! गाना रिलीज हो गया है। अब सरफिरा होने का वक्त आ गया है। 12 जुलाई को फिल्म रिलीज हो रही है।

सरफिरा के गाने मार उड़ी की शुरुआत अक्षय को पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम के एक साइंस इवेंट से बाहर निकाले जाने से होती है, जबकि वो विनती कर रहे होते हैं। इसके बाद बैकग्राउंड में परेश रावल की आवाज सुनाई देती है, जो कहते हैं, एविएशन का बिजनेस करना हर किसी के बस की बात नहीं है। मार उड़ी में एक सीन फ्लैश बैक का भी दिखाया जाता है, जिसमें अक्षय कुमार भारी भीड़ के साथ विरोध करते हुए दिखते हैं। जैसे-जैसे वीडियो आगे बढ़ता है, अक्षय का किरदार अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करता हुआ दिखाई देता है। क्लिप में उन्हें डेक्कन एयरलाइन के विमान के सामने खड़ा दिखाया गया है। सरफिर के इस गाने में अक्षय कुमार एक रेडियो स्टेशन पर बोलते हुए भी दिखते हैं। वो कहते हैं, मैं आम लोगों के लिए सिर्फ कॉस्ट बैरियर नहीं, बल्कि कास्ट बैरियर भी तोड़ना चाहता हूं। गाने में परेश रावल और अक्षय कुमार के साथ राधिका मदान भी नजर आती हैं।

## अल्लारी नरेश की फिल्म बच्चला मल्ली का पहला लुक सामने आया

हीरो अल्लारी नरेश अपनी आगामी फिल्म बच्चला मल्ली में एक गंभीर भूमिका में रोमांचित करने के लिए तैयार हैं, जिसका निर्देशन सोलो ब्रैथुके सो बेटर फेम सुब्बू मंगादेवी कर रहे हैं। रज़ेश डांडा और बालाजी गुट्टा इस फिल्म का निर्माण हास्य मूवीज़ के बैनर तले कर रहे हैं, जिसने ब्लॉकबस्टर समाजवरगमना और ऊरु पेरू भैरवकोना जैसी फ़िल्में दी हैं। निर्माताओं ने आज फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया। अल्लारी नरेश अस्त-व्यस्त बालों और असमान दाढ़ी के साथ पहले कभी न देखे गए सामूहिक अवतार में दिखाई दे रहे हैं। रिक्शा पर बैठे और सिगरेट पीते हुए, नरेश अपनी आँखों में तीव्रता के साथ एक गंभीर नज़र आ रहे हैं। उन्होंने अपने गले और हाथ में पवित्र धागे पहने हुए हैं। पृष्ठभूमि में, हम आतिशबाजी के साथ एक कार्निवल देख सकते हैं और लोग क्रूर देवताओं की वेशभूषा में हैं। हाई-वोल्टेज फाइट सीक्वेंस का यह आकर्षक पहला पोस्टर दर्शाता है कि बच्चला मल्ली एक गहन और अपनी तरह की पहली एक्शन एंटरटेनर होगी। फिल्म में अमृता अय्यर मुख्य अभिनेत्री की भूमिका में हैं, जबकि उनके अपोजिट अल्लारी नरेश हैं। रोहिणी, राव रमेश, अच्युत कुमार, बालगाम जयराम, हरि तेजा, प्रवीण, विवा हर्ष आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# मेकअप के कई उत्पादों का विकल्प बन सकता है लिप ग्लॉस, जानिए इस्तेमाल के तरीके



लिप ग्लॉस को होंठों की देखभाल के लिए एक बेहतरीन उत्पाद माना जाता है क्योंकि यह होंठों को मॉइस्चराइज करने, मुलायम बनाने और चमक प्रदान करने में मदद कर सकता है।आमतौर पर महिलाएं इसका इस्तेमाल होंठों को रूखेपन या फटने से बचाने के लिए करती हैं, लेकिन यह कई अन्य मेकअप प्रोडक्ट्स का विकल्प भी बन सकता है।आइए जानते हैं कि लिप ग्लॉस का इस्तेमाल किन-किन उत्पादों का काम कर सकता है।

हाइलाइटर के तौर पर करें इस्तेमाल

हाइलाइटर चेहरे के बेस्ट फीचर्स को हाइलाइट करने में मदद करता है। इसलिए सिर्फ प्रोफेशनल्स ही नहीं, बल्कि आम लड़कियां भी इसका इस्तेमाल करती हैं।हालांकि, अगर आपका हाइलाइटर खत्म हो जाता है या कहीं जाते समय आप होंठों और गाल के लिए दो अलग-अलग उत्पाद को अपने पर्स में नहीं करना चाहती हैं तो इसमें लिप ग्लॉस मदद कर सकता है।इसका कारण है कि लिप ग्लॉस, हाइलाइटर का काम कर सकता है।

क्रीम ब्लश की जगह लगाएं

क्रीम ब्लश में मॉइस्चराइजिंग क्रीम और बटरी सॉफ्ट फॉर्मूला होता है, जो इसे रूखी त्वचा वाले लोगों के लिए सही बनाता है।यह आपकी त्वचा पर आसानी से ब्लेंड हो जाता है और आपके गालों को प्राकृतिक निखार देता है।हालांकि, अगर आपके पास गुलाबी रंग का लिप ग्लॉस है तो आप उसका इस्तेमाल बतौर क्रीम ब्लश कर सकते हैं। गाल पर लिप ग्लॉस लगाने के बाद इसे अच्छे से ब्लेंड करें।यहां जानिए ब्लश के प्रकारे।

आइब्रो जेल का कर सकता है काम

आइब्रो जेल आपकी आइब्रो को लंबे समय तक सेट रखने में मदद कर सकता है, लेकिन अगर आपके पास यह नहीं है और क्लियर लिप ग्लॉस है तो आप आइब्रो को उससे भी सेट कर सकते हैं

।लाभ के लिए थोड़ा-सा लिप ग्लॉस अपने एक उंगली पर लगाकर हल्के हाथों से अपनी आइब्रो पर लगाएं।यह आइब्रो को घनी, मोटी और मॉइस्चराइज रखने में मदद कर सकता है।यहां जानिए महिलाओं की मेकअप किट के लिए जरूरी आई प्रोडक्ट्से।


आईशैडो की तरह लगाएं

आपको नो मेकअप लुक पसंद है तो कोई भी आईशौडो लगाने की बजाय आंखों पर गुलाबी रंग का लिप ग्लॉस लगाएं।लाभ के लिए सबसे पहले पलकों पर आई प्राइमर का इस्तेमाल करें, फिर गुलाबी रंग के लिप ग्लॉस को लगा लें। इसके बाद इसे उंगली की मदद से अच्छी तरह से ब्लेंड करें।यह आंखों को चमक देने और आकर्षक बनाने में मदद कर सकता है।

बालों को बना सकता है आकर्षक

रूखे और बेजान बाल पूरे लुक को खराब कर सकता है। इससे छुटकारा पाने के लिए भी लिप ग्लॉस का इस्तेमाल किया जा सकता है।लाभ के लिए अपने हाथों पर थोड़ा क्लियर लिप ग्लॉस लगाएं और फिर बालों पर स्वाइप करके लगा लें।इसके अलावा बेबी हेयर को ठीक और सेट रखने के लिए आप हेयरलाइन पर भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

# डाइटिंग किए बिना वजन घटाना चाहते हैं? अपनाएं ये 5 प्रभावी तरीके



आमतौर पर लोग वजन घटाने के लिए डाइटिंग करना शुरू कर देते हैं, लेकिन अगर इसका तरीका सही न हो या फिर मनचाह परिणाम न मिले तो कोई फायदा नहीं है।अगर आप जिम जाना नहीं चाहते या अपना पसंदीदा व्यंजन छोड़े बिना वजन घटाना चाहते हैं तो वजन घटाने के लिए कई प्रभावी तरीके हैं।आइए जानते हैं कि वजन घटाने के लिए डाइटिंग के अलावा क्या-क्या किया जा सकता है।

हाइड्रेशन का रखें ध्यान

भरपूर पानी का सेवन वजन नियंत्रित करने में मदद कर सकता है।लाभ के लिए रोजाना कम से कम 7 से 8 गिलास पानी पीने की जरूरत होती है। सही मात्रा में पानी पीना, विशेष रूप से गर्म पानी शरीर के फैट को कम करने में मदद कर सकता है।आप चाहें तो अपनी डाइट में डिटॉक्स वॉटर भी शामिल कर सकते हैं।यहां जानिए पानी को पर्याप्त मात्रा में पीने के तरीके।

पर्याप्त नींद लेना है महत्वपूर्ण

अगर घर में एसी या कूलर जैसे उपकरण नहीं हैं तो आपके लिए उमस भरे मौसम में 7-8 घंटे की नींद लेना मुश्किल हो सकता है, लेकिन रोजाना इतने घंटे की नींद पूरी करना जरूरी है।दरअसल, वजन घटाने के लिए मेटाबॉलिज्म के स्तर का तेज होना महत्वपूर्ण है, जिसके लिए पर्याप्त नींद लेना जरूरी है।यहां जानिए सुकुन की नींद लेने के लिए किए जाने वाले जरूरी काम।

मन लगाकर खाना खाएं

मन लगाकर खाना खाने से मतलब है कि भोजन करते समय अपना पूरा ध्यान उस पर लगाएं क्योंकि यह भूख के संकेतों को पहचानने और अधिक खाने से रोकने में मदद कर सकता है।हालांकि, आजकल लोग खाते समय मोबाइल और टीवी को देखते हुए खाना खाते हैं, जो स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है और वजन बढ़ाने का भी कारण बन सकता है।इसलिए आप ऐसा न करें और मन लगाकर खाना खाएं।

तनाव को कम करने की करें कोशिश

ऐसी कई परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती है, जो तनाव दे सकती हैं। हालांकि, इसे बढ़ने से रोकना बहुत जरूरी है।इसका कारण है कि तनाव वजन को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हो सकता है क्योंकि भावनात्मक रूप से खाने की लालसा को बढ़ाता है, जिससे वजन बढ़ता है।इस समस्या को प्रबंधित करने के लिए आप ध्यान, योग, एक्यूपंक्चर और अरोमाथेरेपी आजमा सकते हैं।यहां जानिए नाचने से वजन कैसे कम होता है।

खुद को भूखा न रखें

खुद को भूखा न रखें और भूख लगने का इंतजार न करें, बल्कि रोजाना दिन में 5 से 6 बार कुछ न कुछ हल्का खाएं।इसका कारण है कि भूख लगने पर अनहेल्दी स्नैकिंग की लालसा बढ़ जाती है। हालांकि, अगर कभी अत्यधिक भूख लग जाती है तो फाइबर युक्त चीजें खाएं क्योंकि उन्हें चबाने की बहुत आवश्यकता होती है।इसके अतिरिक्त खाने के लिए छोटी प्लेट का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे आप अतिरिक्त खाने से बच सकते हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर चंदू चैंपियन की कमाई में गिरावट जारी

कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म चंदू चैंपियन में कार्तिक आर्यन की उम्दा अदाकारी की हो रही तारीफ के बाद भी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई नहीं कर सकी है।यह फिल्म भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है।चंदू चैंपियन 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दूसरे सप्ताह में इस फिल्म की दैनिक कमाई में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, चंदू चैंपियन ने अपनी रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार 1.85 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 54.75 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म में विजय राज और राजपाल यादव ने भी अहम भूमिका निभाई है। साजिद नाडियाडवाला ने इस फिल्म के प्रोडक्शन का जिम्मा संभाला है।बता दें कि चंदू चैंपियन की एक टिकट पर दूसरी बिल्कुल मुफ्त मिल रही है।

## स्टेबिन बेन और नीति मोहन का नया रोमांटिक सॉन्ग चाहूं हुआ रिलीज

सिंगर स्टेबिन बेन और नीति मोहन का नया रोमांटिक सॉन्ग चाहूं रिलीज हो चुका है। यह गाना दिल को छू जाएगा। गाना 3 मिनट 21 सेकंड का है, जो लव फीलिंग को बाहर लाता है। यह आपको फिर से प्यार में पड़ने पर मजबूर कर देगा।

म्यूजिक वीडियो की शूटिंग बर्फीले पहाड़ियों की वादियों में की गई है। इसमें स्टेबिन के साथ एक्ट्रेस सरगुन कौर लूथरा नजर आ रही हैं। बता दें कि सरगुन ने 2017 में टीवी के थ्रिलर शो काल भैरव रहस्य से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वह कलर्स के हॉरर शो तंत्र, स्टार प्लस के शो ये हैं चाहतें में दिखाई दी। चाहूं सॉन्ग को हर्ष करगेती ने कंपोज किया है। वहीं स्टेबिन और नीति ने गाने में अपनी आवाज दी है। गाने के बारे में बात करते हुए, स्टेबिन ने कहा, चाहूं के लिए नीति और हर्ष के साथ काम करना मजेदार एक्सपीरियंस रहा।

## शब्द सामर्थ्य -102

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**
1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 101 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | दृदो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | खी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |



## इंडस्ट्री ने शोबिज की वास्तविक चुनौतियों से कराया परिचित: आशा नेगी

हाल ही में रिलीज हुए शो इंडस्ट्री का हिस्सा रहीं एक?ट्रेस आशा नेगी ने कहा कि यह सीरीज लोगों को शोबिज की वास्तविक चुनौतियों से परिचित कराती है।

हिंदी फिल्म उद्योग के अंदरूनी लोगों की झलक दिखाने वाली इस सीरीज के बारे में बात करते हुए आशा ने कहा, शो इंडस्ट्री को बहुत अच्छी समीक्षाएं मिल रही हैं और खास तौर पर इंडस्ट्री के लोगों से इसे काफी सराहना मिल रही है, क्योंकि यह हर किसी से मेल खाती है।

अपने किरदार को लेकर आशा ने कहा कि लोग उनके महत्वाकांक्षी किरदार सान्या सेन से जुड़ रहे हैं। अब तक फीडबैक बहुत बढ़िया रहा है। बहुत से लोग, खास तौर पर इंडस्ट्री के लोग मेरे किरदार से जुड़ रहे हैं।

टीवी शो पवित्र रिश्ता से चर्चा में आईं एक?ट्रेस ने यह भी कहा कि इंडस्ट्री पर्दे के पीछे के संघर्षों को उजागर करती है।

उन्होंने कहा, उद्योग से बाहर के लोगों को यह शो दिखाता है कि बाहर से ग्लैमरस दिखने वाली इस इंडस्ट्री के पीछे कड़ी मेहनत और संघर्ष होता है।

इस ग्लैमर में बहुत धैर्य, कड़ी मेहनत और लगातार संघर्ष छिपा है। बारिश, लूडो, अभय और कॉलर बम जैसी हिट ओटीटी परियोजनाओं में काम करने वाली आशा ने कहा, उद्योग से बाहर के लोग असली चुनौतियों को जान रहे हैं, जबकि उद्योग में लोग हर संवाद, एपिसोड और चरित्र से जुड़ सकते हैं।

टीवीएफ से अरुणाभ द्वारा निर्मित और नवजोत गुलाटी और श्रेयश पांडे द्वारा निर्देशित, इंडस्ट्री हाल ही में अमेजन मिनी टीवी पर आई है।

चंकी पांडे और गगन अरोड़ा की प्रमुख भूमिकाओं वाली इंडस्ट्री एक महत्वाकांक्षी पटकथा लेखक आयुष वर्मा (गगन अरोड़ा) की कहानी बताती है, जो बॉलीवुड के जटिल रास्तों से होकर उनके सफर को दर्शाती है।

## रितेश देशमुख ने की पिल के साथ अपनी ओटीटी सीरीज की शुरुआत

एक्टर-फिल्म मेकर रितेश देशमुख पिल के साथ अपनी ओटीटी सीरीज की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। आने वाली वेब सीरीज के मेकर्स ने एक मोशन पोस्टर जारी किया। इसमें फार्मास्यूटिकल्स की अंधेरी और भ्रष्ट दुनिया की झलक दिखाई गई है।

मोशन पोस्टर में रितेश कह रहे हैं कि इस देश में किस बीमारी से कितने लोग मरते हैं, उसका डेटा हमारे पास है। लेकिन खराब दवाई की वजह से कितने लोगों की जान जा रही है, उसका कोई डेटा नहीं है।

मोशन पोस्टर के साथ जियो सिनेमा के इंस्टाग्राम हैंडल पर कैप्शन लिखा था, आपकी दवा (मेडिसिन) वास्तव में किस चीज से बनी है? पिल विशेष रूप से 12 जुलाई से जियो सिनेमा प्रीमियम पर स्ट्रीमिंग।

रितेश हॉरर कॉमेडी फिल्म काकुड़ा में भी दिखाई देंगे। इसमें उनके साथ सोनाक्षी सिन्हा और साकिब सलीम भी होंगे। यह शो 12 जुलाई को प्रसारित होगा।

काकुड़ा की कहानी उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के शापग्रस्त रतोडी गांव पर आधारित है। फिल्म में जिले के हर घर में दो दरवाजे हैं, जो एक सामान्य आकार का और दूसरा छोटा है।

कहानी एक अजीबोगरीब रस्म के इर्द-गिर्द घूमती है, इसके तहत हर मंगलवार शाम 7.15 बजे हर घर का छोटा दरवाजा खोलना जरूरी होता है। अगर कोई इसका पालन नहीं करता है, तो उसे काकुड़ा का गुस्सा झेलना पड़ता है, जो घर के मुखिया को सजा देता है। फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।

## मुंज्या का बेहतरीन प्रदर्शन जारी, अब कल्कि 2898 एडी से होगा सामना

मोना सिंह, शरवरी वाघ और अभय वर्मा की फिल्म मुंज्या का बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन शुरुआत से जारी है।यह फिल्म का सिनेमाघरों में रिलीज का तीसरा सप्ताह चल रहा है और यह दर्शकों के बीच पकड़ मजबूत बनाए हुए है।जहां दुनियाभर में इसने 100 करोड़ रुपये का आकंड़ा पार कर लिया है, वहीं धीरे-धीरे यह घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी 100 करोड़ की ओर बढ़ रही है।आइए जानते हैं मुंज्या ने 20वें दिन कितने रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, मुंज्या ने अपनी रिलीज के 20वें दिन यानी तीसरे बुधवार 2.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 89.95 करोड़ रुपये हो गया है।हॉरर के साथ कॉमेडी के तड़के से भरपूर इस फिल्म का निर्माण दिनेश विजान ने किया है। आदित्य सरपोतदार ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।मुंज्या में वरुण धवन ने मेहमान की भूमिका निभाई है।

बॉक्स ऑफिस पर मुंज्या का सामना कार्तिक आर्यन की फिल्म मुंज्या से हो रहा है।इसके अलावा प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन जैसे सितारों से सजी फिल्म कल्कि 2898 एडी भी आज यानी 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है।कमल हासन और दुलकर सलमान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।नाम अश्विन निर्देशत फिल्म की कहानी महाभारत काल से शुरू होकर कलयुग के अंत तक जाती है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में गजब का उत्साह है।

# फर्जी चेक के जरिए एसईसीएल के 37.50 लाख रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के आठ फर्जी चेक के जरिए 37 लाख 53 हजार रुपये अलग अलग खातों में ट्रांसफर करा लेने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मामले में एसईसीएल प्रबंधन के हरकत में आने से एसईसीएल के बैंक खाते में करीब 28 लाख की राशि वापस समायोजित होने की जानकारी है। बकाया राशि संबन्धित खातों को होल्ड करा वापस लाने की कोशिश जारी है।

बताया गया कि अज्ञात आरोपित द्वारा 20 जून को इंडियन बैंक बिलासपुर में एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र का दो फर्जी चेक जमा कर क्रमशः 4.71 लाख रुपये व 4.55 लाख रुपये ममता मल्लिक के बैंक खाते में ट्रांसफर करा लिया था। उसके बाद अज्ञात आरोपित द्वारा पंजाब नेशनल बैंक की बिलासपुर स्थित शाखा में 25 जून को एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के छह फर्जी चेक जमाकर सोनू देवी के बैंक खाते में 4.68 लाख, 4.64 लाख रुपये, 4.61 लाख रुपये समेत पूनम देवी के बैंक खाते में 4.70 लाख, 4.77 लाख व 4.87 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिया।

इसी तरह आठ फर्जी चेक के जरिये कूटरचना करते हुए अज्ञात आरोपित द्वारा 37.53 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली गई थी। राशि आहरण की जानकारी मेल के जरिये मिलते ही एसईसीएल के क्षेत्रीय प्रबन्धन में खलबली मच गई। क्षेत्रीय महाप्रबंधक के निर्देश पर क्षेत्रीय वित्त विभाग ने तत्काल स्थानीय बैंक पहुंचकर उक्त गड़बड़ी की जानकारी दी। इस पर स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक ने तत्काल उक्ताशय की सूचना बैंक के भोपाल स्थित क्लियरिंग विभाग को देते हुए वस्तुस्थिति




से अवगत कराया। जानकारी मिलते ही स्टेट बैंक के क्लियरिंग विभाग ने चेक के सही होने की जानकारी देने वाली पंजाब नेशनल बैंक व इंडियन बैंक की संबधित शाखा को मेल के जरिए वस्तुस्थिति की जानकारी देते हुए संबन्धित बैंक खातों की राशि तत्काल होल्ड करने के निर्देश दिए। बैंक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फर्जी चेक के जरिए एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र के बैंक खाते से आठ बार में 37.53 लाख रुपए की धोखाधड़ी कए जाने के मामले में बैंक प्रबंधन के तत्काल हरकत में आने और संबन्धित खातों में जमा राशि होल्ड होने के बाद पंजाब नेशनल बैंक के जरिये फर्जी चार चेक से स्थानान्तरित करीब 19 लाख और एक अन्य बैंक से नौ लाख रुपये की रकम वापस एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के स्टेट बैंक की बिश्रामपुर शाखा स्थित बैंक खाते में समायोजित की जा चुकी है। वहीं जानकारी के मुताबिक करीब 9.30 लाख रुपये की राशि को भी एसईसीएल के बैंक खाते में समायोजित किए जाने की प्रक्रिया जारी है। इस पूरे मामले में यह सवाल उठता है कि जिन दोनों बैंकों में एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र का फर्जी चेक जमा किया गया, उनके संबंधित कर्मचारियों को चेक के फर्जी होने का आभास कैसे नहीं हुआ। बैंक प्रबंधन से कितनी बड़ी चूक कैसे हुई। क्या इस मामले में बैंक के किसी कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध है। इन सवालों को लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही है और कहां जा रहा है कि क्या इस मामले में बैंक के कथित कर्मचारी भी बेनकाब होंगे। एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र के आठ फर्जी चेक के जरिए 37.53 लाख रुपये धोखाधड़ी करने के मामले में एसईसीएल के क्षेत्रीय प्रबंधन ने बिश्रामपुर थाने में शिकायत कर धोखाधड़ी करने वाले अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## सर्पदंश एवं बिच्छू डंक उपचार पर आधारित कार्यशाला का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सिंह एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, डॉ. अजय मरकाम के मार्गदर्शन में जिले के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा जिला चिकित्सालय सूरजपुर के समस्त डॉक्टर एवं प्रभारी के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# नियत तिथि में सर्वे एवं डाटा अपलोड का कार्य पूर्ण करें: जिला शिक्षा अधिकारी

### उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की आवश्यक बैठक



**कोरिया।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण, के निर्देशन में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की बैठक जिला पंचायत मंथन कक्ष में आयोजित की गई।

उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की आवश्यक बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता द्वारा सत्र 2024-25 के लक्ष्य संबंधित चर्चा- कर सर्वे व उल्लास एप में एण्ट्री की समीक्षा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने उल्लास कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि विकासखण्ड के शिक्षा अधिकारी नियत तिथि में सर्वे एवं डाटा अपलोड का कार्य पूर्ण करें। समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयकों को निर्देशित करें कि वे अपने संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम व वार्ड प्रभारी एवं सर्वेकर्ता समय-सीमा का ध्यान रखते हुए कार्य को पूर्ण करें तथा उल्लास साक्षरता केन्द्र का चिन्हांकन कर कार्यालय को अवगत कराएं। जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्री के.के. गुप्ता द्वारा जानकारी दी गई कि नई शिक्षा नीति 2020 के एक घटक के रूप में उल्लास कार्यक्रम को आरंभ किया गया है। जिसमें सर्वप्रथम असाक्षरों का चिन्हांकन कर आफलाइन सर्वे उसके पश्चात उल्लास एप में ऑनलाइन एंट्री का कार्य किया जाना है। उन्होंने बताया कि जिला को शत-प्रतिशत साक्षर करने का लक्ष्य को समय-सीमा में पूर्ण करना है। नव भारत साक्षरता के तहत बुनियादी साक्षरता, जीवन कौशल, व्यवसाय कौशल, बुनियादी शिक्षा व सतत शिक्षा शामिल है। ग्राम पंचायत के साथ-साथ शहरों में भी इसका संचालन किया जाएगा। बैठक में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, संकुल शैक्षिक समन्वयक बैकुण्ठपुर व सोनहत सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी बैठक में उपस्थित रहे।

# जिस बेटी को मृत समझ कर दिया था अंतिम संस्कार, 12 वर्ष बाद बच्चों के साथ लौटी

**सूरजपुर।** जिले में हैरान कर देने वाला एक मामला सामने आया है, जहां एक परिवार ने 12 साल पहले अपनी बेटी को मृत समझकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया था। वह लड़की अचानक दो बच्चों को लेकर घर पहुंच गई। अचानक अपनी बेटी को देखकर मां-पिता सहित पूरा परिवार आश्चर्य के साथ बेहद खुश है। दरअसल यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के केतका गांव का है. जहां 2012 में 19 साल की सविता (बदला हुआ नाम) का विवाह तय हो गया था।

अचानक शादी के एक दिन पहले वह गायब हो गई। स्वजन ने खोजबीन के बाद किसी अनहोनी की आशंका को लेकर कोतवाली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। लगभग दो साल बाद 2014 में सरगुजा जिले के बतौली थाना क्षेत्र में एक युवती का शव मिला था। इसकी खबर एक अखबार में देखकर युवती के परिजनों को यह लगा कि वह उनकी बेटी का ही शव है। इसके बाद परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया और यह मान लिया कि उनकी बेटी की मृत्यु हो चुकी है। 12 साल से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद अचानक सोमवार 24 जून को युवती दो बच्चों के साथ अपने मायके पहुंची और उसने बताया कि 12 साल पहले एक युवक से वह प्रेम करती थी और शादी के पहले भाग कर उससे शादी कर ली थी। वह इतने साल से अपने पति के साथ रायपुर में रह रही थी। अब उसके तीन बच्चे भी हैं। युवती ने बताया कि 12 साल पहले अचानक उसके मोबाइल पर एक लड़के का गलत नंबर आया था, इसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और ये बातचीत प्यार में बदल गई। लड़का दूसरी जाति का था. इसलिए युवती अपने घर वालों को यह बात नहीं बता पाई और शादी से एक दिन पहले भाग कर उसके साथ शादी कर ली और अब वह अपने पति के साथ सुखी जीवन जी रही है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और उसने युवती का बयान लेकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। 12 साल बाद अपनी बेटी को अपने बीच पाकर माता-पिता और पूरा परिवार काफी खुश नजर आ रहा है।

## ट्रक ने अज्ञात व्यक्ति को रौंदा

**रायपुर।** रिंग रोड नंबर 2 स्थित अपना ढाबा के पास अज्ञात ट्रक ने रोड पार कर रहे एक व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# मानसून की पहली झमाझम वर्षा, जगह-जगह सड़कों में भरा पानी

**मनेंद्रगढ़।** मानसून की दस्तक के बाद अच्छी बारिश के लिए तरस रहे किसानों को गुरूवार को बड़ी राहत मिली। दोपहर बाद लगभग पौन घंटे के भीतर अंबिकापुर सहित आसपास के इलाके में तेज वर्षा हुई। मौसम विज्ञान केंद्र कतकालो में 51़ 8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। मानसून के इस सीजन की यह सबसे ज्यादा वर्षा मापी गई। तेज बारिश से सड़कों में पानी भर गया। गड्ढों में तब्दील एनएच के मनेंद्रगढ़ रोड के हिस्से में पानी का जमाव इतना ज्यादा हो गया कि दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बहरहाल तेज बारिश से भीषण उमस से लोगों को राहत मिली है।

इधर मौसम विभाग ने अलग एक-दो दिनों तक सरगुजा जिले में वर्षा होने की संभावना जताई है। इस बार देश में समय से पूर्व मानसून की दस्तक होने के बाद भी उत्तर छत्तीसगढ़ में मानसून का प्रवेश देर से हुआ। इस दौरान सामान्य वर्षा तो हुई लेकिन मानसून अनुरूप मूसलाधार वर्षा का लोगों को इंतजार था। इस बीच गुरूवार को दिनभर तेज धूप व उमस के बीच शाम चार बजे अचानक आसमान में घने बादल




छा गए और तेज वर्षा आरंभ हो गई। लगभग पौन घंटे तक वर्षा हुई। इससे शहर के माया लाज चौक, पुराना बस स्टैंड, रिंग रोड, महामाया रोड सहित कई स्थानों पर पानी का जमाव हो गया। इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। मौसम विज्ञानी एएम भट्ट ने बताया कि उत्तरी छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय है। हालांकि अभी कोई सिस्टम नहीं बनने से व्यापक वर्षा नहीं हो रही है। आने वाले एक-दो दिनों में सरगुजा सहित आसपास के इलाके में वर्षा होने की संभावना है। कटनी-गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग के मनेंद्रगढ़ रोड का हिस्सा इन दिनों बदहाल है। सड़क की मरम्मत नहीं होने से इसमें जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। कुछ स्थानों पर सड़क के नीचे होने से बारिश के दिनों में यह मार्ग दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरनाक हो गया है। एनएच के इस हिस्से में नाली नहीं बनने से पानी सड़क में भर जाता है। गुरूवार शाम हुई तेज बारिश के बाद एनएच तालाब के रूप में तब्दील हो गया। मनेंद्रगढ़ रोड में होटल शैलगिरी और माखन विहार के पास सड़क पानी में डूब गया था। इससे दोपहिया वाहन चालक को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सरगुजा जिले में धान की खेती में जुटे किसानों को गुरूवार को हुई तेज वर्षा से राहत मिली है। इस सीजन की सबसे ज्यादा वर्षा होने के बाद खेतों की जोताई के साथ धान की नर्सरी लगाने का काम जोर पकड़ेगा। हालांकि पिछले वर्ष के अनुभवों को देखते हुए किसान नर्सरी लगाने में जल्दबाजी नहीं दिखा रहे हैं।

गत वर्ष जून में अच्छी वर्षा के बाद किसानों ने धान की बोवाई के साथ नर्सरी लगा दी थी लेकिन बाद में वर्षा नहीं होने से फसल प्रभावित हो गई थी। तेज बारिश व घने बादलों के कारण कांग्रेस नेताओं को लेकर दरिमा हवाई अड्डे में उतरा हवाई जहाज शाम को नहीं उड़ पाया। बता दें कि प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की पत्नी के निधन के बाद तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने एआइसीसी के महासचिव सचिन पायलट, सांसद कुमारी सैलजा सहित अन्य कांग्रेस नेता हवाई जहाज से दरिमा हवाई अड्डा आए थे।

# रामानुजनगर में विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव संपन्न

**सूरजपुर।** विकासखंड रामानुजनगर के मुख्यालय मंगल भवन में खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती माया सिंह की अध्यक्षता एवं दीपक गुप्ता जनपद उपाध्यक्ष रामानुजनगर ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में रामानुजनगर के श्री जयप्रकाश, श्री रामशिरोमणि साहू, श्री सत्यनारायण दुबे, श्रीमती प्रमिला साहू, अमर सिंह, सरपंच श्रीमती सुशीला सिंह, सुमंत साहू, अजय सिंह, विकास दुबे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संजय राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज ने हमर विद्यालय सुघर विद्यालय अंतर्गत रामानुजनगर के शैक्षिक गतिविधि का प्रतिवेदन वाचन किया। सभी अतिथियों को बैच लगाकर, गुलदस्ता के द्वारा स्वागत किया गया। कक्षा पहली, कक्षा छठवीं एवं कक्षा नवमी के छात्रों को तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर, माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इसके साथ ही छात्रों को निशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश प्रदाय किया गया। कक्षा नवमी के 11 छात्रों को सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत निशुल्क साइकिल भी प्रदान किया गया। समावेशी शिक्षा के अंतर्गत तीन बच्चों को ट्राई साइकिल दिया गया तथा बोर्ड परीक्षा 2024 में कक्षा दसवीं में विकासखंड में टॉप 3 छात्रों एवं कक्षा 12वीं में श्रेष्ठ तीन छात्रों को मेडल और प्रशस्ति पत्र के द्वारा सम्मानित किया गया। इसी प्रकार हमर विद्यालय सुघर विद्यालय अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य कर रहे प्राथमिक शाला के तीन शिक्षक सच्चिदानंद दुबे, शिवनारायण सिंह एवं किताब सिंह पैकरा तथा माध्यमिक शाला के तीन शिक्षक जगलाल सोनवानी, मुकेश कुमार सिंह एवं अंकुर गुप्ता को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। गत शैक्षणिक सत्र में विकासखंड रामानुजनगर के 23 रिटायर्ड शिक्षकों को शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार पहनाकर उनका विदाई सह सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती माया सिंह ने मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया तथा सभी अभिभावकों से आह्वान किया कि अपने बच्चों को विद्यालय नियमित भेजें। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री दीपक गुप्ता जी ने कहा कि आज के युग में पढ़ाई का अत्यधिक महत्व है, हमारी सरकार सभी प्रकार की सुविधाएं जैसे निरूशुल्क पाठ पुस्तक, गणवेश, साइकिल, छात्रवृत्ति सभी को उपलब्ध करा रही है। सभी बच्चे मन लगाकर के पढ़े और अपना अपने परिवार और प्रदेश का नाम रोशन करें। जयप्रकाश उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा की सरकार जो सुविधा दे रही है, शिक्षक जो कार्य कर रहे हैं उसके बीच के कड़ी का काम हमारा संगठन करेगा। हम लोग स्कूलों में मध्यान भोजन की गुणवत्ता, शिक्षकों की समस्याएं, अनुपस्थिति की समस्या तथा अध्यापन के गुणवत्ता पर इस वर्ष विशेष प्रयास करेंगे और संगठन के पदाधिकारी के साथ सभी स्कूलों में भ्रमण कर छोटे-मोटे समस्याओं से को दूर करने का कार्य करेंगे।

## 5 स्थानों पर लगेंगे फास्ट चार्जिंग स्टेशन

**रायपुर।** वाहनों से बढ़ते वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने सरकार द्वारा विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। इसमें ग्रीन एनर्जी का उपयोग एक महत्वपूर्ण कदम है जिसमें इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। रायपुर के नागरिक भी ई व्हीकल का उपयोग कर रहे हैं। इसी संदर्भ में जिला प्रशासन ने नागरिकों को फोर व्हीलर इलेक्ट्रिक वाहन के फास्ट चार्जिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कलेक्टर सभाकक्ष में नगर निगम रायपुर और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मध्य एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किया।

## 30 को दो पालियों में प्रीबीएड व प्रीडीएलएड प्रवेश परीक्षा का किया जाएगा आयोजन

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 30 जून को दो पालियों में प्री.बी.एड व प्री.डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाना है। परीक्षा समय सारणी के अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र में ड्यूटी में लगाए गये ऑब्जर्वर व केंद्र अध्यक्ष परीक्षा केंद्र में उपस्थित रहकर प्रवेश परीक्षा का सफलतापूर्वक संपादन करें, इसके लिए कलेक्टर सभाकक्ष में आज बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में कलेक्टर श्री रोहित व्यास द्वारा व्यापम द्वारा जारी गाइडलाइन का शब्दशः पालन करने के निर्देश उपस्थित संबंधित जनों को दिये गए। इसके साथ ही उन्होंने प्री.बी.एड व प्री.डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों से अपील कि, की असुविधा से बचने के लिए परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का भ्रमण कर लें इसके साथ ही परीक्षा तिथि दिवस पर अपने ओरिजिनल पहचान पत्र के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचना सुनिश्चित करें। प्रथम पाली में प्री.बी.एड के कुल 3448 छात्र एवं द्वितीय पाली में प्री.डी.एल.एड. के कुल 4465 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। प्रथम पाली की परीक्षा 10:00 बजे से 12:15 तक कुल 11 परीक्षा केंद्रों तथा द्वितीय पाली 02:00 बजे से 4:15 तक कुल 14 परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए 14 नोडल आब्जर्वर, 14 समन्वयक आब्जर्वर एवं 03 उडऩदस्ता दल का गठन किया गया है। बैठक में नोडल श्रीमती शिवानी जायसवाल (डिप्टी कलेक्टर), कोऑर्डिनेटर डॉ. दुबे, सहायक कोऑर्डिनेटर श्री सी. डी. मिश्रा, सहायक कोऑर्डिनेटर डॉ. विनोद साहू व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# रिकार्ड समय में यूनिवर्सिटी ने घोषित किया परिणाम इधर विद्यार्थी असंतुष्ट

**अंबिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय प्रबंधन ने पहली बार रिकार्ड समय में परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी। शुक्रवार को बीए व बीएससी प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए। पीजीडीसीए के 200 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम छोड़ दें तो प्रबंधन ने शत-प्रतिशत कक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया है।

विश्विद्यालय की स्थापना के बाद पहली बार प्रबंधन ने 30 जून से पहले परिणाम घोषित करने का नया रिकार्ड बनाया है। इसके पहले तक मुख्य परीक्षाओं का परिणाम घोषित करने में जुलाई का महीना भी निकल जाता था लेकिन इस बार प्रबंधन ने पहल की। परीक्षा संचालन के साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं की जांच शुरू की गई थी। परीक्षा संचालन के दौरान ही परीक्षा परिणाम घोषित करने की शुरुआत की गई थी इसका परिणाम यह हुआ कि 30 जून के पहले ही सारे कक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए। शुक्रवार को बीए प्रथम तथा बीएससी प्रथम वर्ष के परिणाम घोषित किए गए। तीन दिन पहले ही परिणाम घोषित करने की स्थिति थी लेकिन परिणाम को लेकर विद्यार्थियों की ओर से सामने रही शिकायतों को देखते हुए प्रबंधन ने समीक्षा की। दूसरे महाविद्यालयों के परीक्षा परिणाम की तुलना में यहां का परिणाम बेहतर होने के कारण आखिरकार परिणाम घोषित कर दिया गया। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा सिर्फ पीजीडीसीए का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया जा सका है। पीजीडीसीए में समूचे विश्वविद्यालय से सिर्फ 200 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। परीक्षा परिणाम तैयार है। एक बार प्रबंधन इसकी समीक्षा कर रहा है। पूरी



उम्मीद की जा रही है कि सोमवार को पीजीडीसीए का भी परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। यह पहला अवसर है जब जून महीने में ही विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। अकादमिक कैलेंडर का पालन करने के उद्देश्य से प्रबंधन ने पहली बार परीक्षा परिणाम घोषित करने में प्रदेश के दूसरे विश्वविद्यालयों को पीछे छोड़ दिया है। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय प्रबंधन ने एक ओर रिकार्ड समय में सभी कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं वहीं दूसरी ओर परीक्षा परिणाम से संतुष्ट विद्यार्थियों के विश्वविद्यालय पहुंचने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को जशपुर जिले के कई महाविद्यालय से परीक्षार्थी विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन पहुंचे। यहां उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर नए सिरे से उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की मांग रखी। कुलसचिव डा शारदा प्रसाद त्रिपाठी सभी विद्यार्थियों से मुलाकात कर रहे हैं। उनकी शिकायतों को सुनकर परीक्षण कर रहे हैं। मौके पर ही उनकी शिकायतों का निराकरण भी हो रहा है।अब तक की जांच में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी सामने नहीं आई है। शुक्रवार को जशपुर जिले के शासकीय नवीन महाविद्यालय सन्ना के परीक्षार्थी बड़ी संख्या में पहुंचे थे। बीएससी द्वितीय वर्ष के परीक्षार्थियों का कहना था कि उन्हें रसायन विषय में शून्य अंक प्रदान किया गया है। परीक्षार्थियों ने बताया कि सभी विद्यार्थियों को रसायन विषय में अनुत्तीर्ण कर दिया गया है।ज्यादातर विद्यार्थियों को शून्य अंक दिया गया है जबकि उन्होंने प्रश्नों का हल सही तरीके से लिखा था। विद्यार्थियों ने प्रबंधन को ज्ञापन सौंप कर नए सिरे से उत्तर पुस्तिकाओं की जांच की मांग की है। शासकीय महाविद्यालय लखनपुर तथा स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय अंबिकापुर के परीक्षार्थी भी बीएससी द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट हैं। इन दोनों कॉलेज के परीक्षार्थी भी शुक्रवार को विश्वविद्यालय पहुंचे थे। इन दोनों कॉलेज के कई विद्यार्थियों को भी कुछ विषयों में शून्य अंक दे दिया गया है। परीक्षार्थियों का कहना है कि ऐसा संभव ही नहीं है कि उन्होंने एक भी प्रश्न का जवाब नहीं दिया होगा। इसके बाद भी मूल्यांकनकर्ताओं ने मनमानी की है। इन विद्यार्थियों ने भी कुलसचिव को ज्ञापन सौंप नए सिरे से उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की मांग की है। परीक्षार्थियों की ओर से सामने आ रही शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है।उत्तर पुस्तिकाओं के नए सिरे से मूल्यांकन की एक प्रक्रिया है। प्रक्रियाओं के तहत हमने कई परीक्षार्थियों के सामने ही उनके उत्तर पुस्तिकाओं का विषय विशेषज्ञों से परीक्षण कराया है। अभी तक कोई भी ऐसी उत्तर पुस्तिका नहीं मिली है जिसमें परीक्षार्थी को कम अंक मिले हैं। एकाध प्रकरण तो ऐसे हैं जिसमें परीक्षार्थी को कुछ ज्यादा अंक मिले है। शुक्रवार को परीक्षार्थियों की ओर से जो भी ज्ञापन सौंपा गया है उसका भी निराकरण सोमवार तक कर दिया जाएगा।

## 1 जुलाई से लागू होगी नवीन न्याय संहिता

**सूरजपुर।** जिला पंचायत सभा कक्ष में चिकित्सक गण, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक व महिला एवं बाल विकास के संबंधित अधिकारियों को नवीन न्याय संहिता से परिचित कराने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री प्रदीप चंद्राकर व सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री शशांक कुमार की उपस्थिति में उपस्थित जनों को नवीन नया संहिता के लागू होने के पश्चात होने वाले बदलाव के संबंध में जानकारी मुहैया करायी गयी। सेमिनार में बताया गया कि 01 जुलाई से नवीन न्याय संहिता के तहत इंडियन पीनल कोड, 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता, 2023 स्थापित होगा, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, 1898 की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और इंडियन एविडेंस एक्ट, 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 स्थापित होगा। इन तीनों कानूनों के महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में उपस्थित जनों के समक्ष विस्तृत चर्चा की गई। उक्त सेमिनार में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू (महिला एवं बाल विकास विभाग), जिला चिकित्सालय से जिला क्षय अधिकारी डॉ. जगसाय सरूता एवं चिकित्सकगण, परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकगण व अन्य शामिल थे।

## कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने किया मोटराइज्ड ट्रायसिकल प्रदाय

**सूरजपुर।** अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल एवं मोटराइज्ड ट्राई साइकिल कलेक्टर रोहित व्यास एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के द्वारा प्रदाय किया गया है। ग्राम-धरमपुर के जगलाल को ट्राई साइकिल एवं ग्राम-देवीपुर के सुरेश कुमार को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल के लिए समाज कल्याण विभाग में आवेदन दिया था।

# 54.46 मिमी बारिश, सड़कों के आसपास और निचली बस्तियों में घुसा पानी

## शुरुआती तेवर ने लोगों को डाला मुश्किल में



**कोरबा।** इस वर्ष 44 डिग्री तक पहुंचे तापमान के कारण जमकर परेशानी झेलने वाले लोगों को बारिश ने राहत दी है। जून में अब तक 54.46 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। बारिश के कारण निचली बस्तियों के साथ-साथ सड़कों के इर्द-गिर्द पानी का प्रवेश होने से मुश्किलों में बढ़ोतरी हुई है। समस्याग्रस्त क्षेत्र में लोगों को समाधान करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

मौसम विभाग की भविष्यवाणी बारिश और येलो अलर्ट को लेकर इस बार भी सच साबित नहीं हो सकी। लगभग एक पखवाड़े की देरी से बारिश जिले में सक्रिय हुई। हालिया बारिश सभी तरफ हुई है। यह मध्यम तेज गति से जारी है। वर्षा का आंकलन करने वाले भूअभिलेख अधीक्षक अमित झा ने बताया कि जून में आज तक 54.46 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

पिछली रात से बारिश के आसार थे। आंशिक तौर पर इसका प्रभाव रहा। जबकि सुबह से शुरू हुई बारिश ने सभी क्षेत्रों में अपने व्यापकता बनाई। इलाके को तरबटर कर दिया। गर्मी और उमस से भले ही राहत मिली लेकिन बारिश के प्रभाव से कई क्षेत्रों में जबरदस्त सामस्या भी उतपन्न हुईं। कोरबा के सीतामणी, इम्लिदुग्गु, सर्वमंगलानागर, इंदुस्तरिएल एरिया, बालकोंगर के लालघाट, भादरा पारा, दर्री के कलमीदुग्गु समेत बनकीमोंगरा में आंतरिक मार्ग लबालब हो गए। सड़कों पर बहते हुए पानी लोगों के घरों में जा घुसा। इससे अजीब स्थिति बन गई। घरों के सामान को बचाने के लिए लोगों को बेजा मेहनत करनी पड़ी। आज की बारिश के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के बारे में प्रशासन और नगर निगम को अलग-अलग स्तर से जानकारी दी गई है। ऐसे प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेने के लिए अधिकारियों ने ध्यान दिया है।

बताया गया कि नगर निगम क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण अगर लोगों के सामने मुश्किल होती है तो उन्हें अस्थाई रूप से शरण देने के लिए सेल्टर केंद्र बनाए जाएंगे। जल्दी इस बारे में योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस तरह की व्यवस्था प्रभावित क्षेत्र के आसपास स्कूल व सामुदायिक भवन में कई जाएगी। वहां भोजन व अन्य जरूरी सुविधा दी जाएंगी।

### जल संसाधन विभाग की जिम्मेदारी नहीं

इससे पहले ही जल संसाधन विभाग के द्वारा लोगों को सूचना जारी करते हुए कह दिया गया है कि नदी के पास से अपनी परिसंपत्तियों को हटाने का काम करें। इनमें ठेकेदारों के कैंप से लेकर लोगों के दूसरे प्रयोजन की संपत्ति शामिल है। बारिश के मध्य नजर विभाग के अधिकारी ने जारी नोटिस में स्पष्ट किया था कि संबंधित क्षेत्र में अति वर्षा होने पर बांध से नदी में पानी छोड़ा जा सकता है। इस स्थिति में होने वाले नुकसान के लिए जल संसाधन विभाग किसी प्रकार से उत्तरदाई नहीं होगा।

# बैंडेड करैत ने दूसरे सर्प को खाया, लोग सक्ते में



**कोरबा।** जिले के बांकीमोंगरा क्षेत्र के कटईनार में तपट दास नामक व्यक्ति के घर रात्रि 12.30 बजे पूरा परिवार उस समय दहशत में आगया जब आंगन में एक जहरीले सांप को एक दुसरे साप को लपेट कर खाते हुए देखा फिर क्या था घर वालों के डर से हाथ पैर फूल गए, फिर घर वालों ने मदद के लिए पड़ोसियों को उठाया पर किसी भी व्यक्ति की सांप को भगाने और उसके पास जाने की हिम्मत नहीं हुई। आखिकार इसकी जानकारी वाइल्ड लाइफ रेस्क्यु टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी को दिया गया, जिस पर सारथी ने सांप पर नजर बनाए रखने की बात कही और सांप से दूरी भी बनाए रखने की बात कही। आखिकार जितेंद्र सारथी कोरबा से बांकीमोंगरा क्षेत्र पहुंचे तब तक एक सांप दूसरे सांप को खा चुका था और बताया यह बैंडेंड (अहिराज) साप हैं जो बहुत ज़हरीला होता हैं पर बहुत शांत स्वभाव का होने के कारण खतरा कम होता हैं। जिसके बाद उसको रेस्क्यू कर डिब्बे में बंद किया तब जाकर घर वालों की सास में सास आई फिर सभी ने देर रात पहुंचे रेस्क्यु टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

जितेंद्र सारथी ने बताया रेस्क्यु टीम के लिए बारिश का मौसम बहुत व्यस्त और जोखिम भरा रहता हैं, जहां जिले के कोने कोने के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक पहुंच कर आम जनों की जान बचाना ज़रूरी रहता हैं वहीं साप को भी बचाने की बड़ी ज़िम्मेदारी रहती हैं, साथ ही कॉलर के घर तक कम से कम समय में पहुंचने का दबाव बना रहता हैं जिसमें सबसे ज्यादा रोड़ा सड़क पर भरे पानी और जड़-जड़ रास्ते होते हैं। सबसे ज़्यादा परेशानी बरमपुर, कुसमुंडा, दीपका , बांकीमोंगरा, ढेलवाडीह और हरदी बाज़ार वाले क्षेत्रों में आती हैं, फिर भी हमारा प्रयास रहता हैं की हम जल्द से जल्द पहुंचे और आम जनों की जान बचा पाए।

## करंट की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत

**कोरबा।** कोरबा में झमाझम बारिश से भले ही लोगों को गर्मी से राहत मिली है लेकिन इसके साथ ही कई प्रकार की चुनौतियां भी सामने खड़ी हो गई हैं। बिजली के खंभों में करंट का प्रवाह होना शुरु हो गया है। इससे मवेशियों की जान जाने का भी सिलसिला शुरु हो गया है। शहर के ईमलीडुग्गू हाई स्कूल के पास करंट प्रवाहित बिजली के खंबे की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोग काफी डरे हुए हैं। उनका कहना है,कि आसपास बच्चे खेलते रहते हैं और लोगों का भी आना-जाना लगा रहता है,जिससे कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। इस दिशा में बिजली विभाग को ध्यान देने की जरुरत है। बिजली विभाग की अनदेखी से इस तरह की घटनाएं पूर्व में भी सामने आ चुकी हैं।

टोल प्लाजा के नियमों से संतुष्ट नहीं ग्रामीण

## टोल प्लाजा रजकम्मा मदनपुर के पास एक जुलाई को धरना देकर करेंगे विरोध प्रदर्शन



**कोरबा।** कोरबा जिले के रजकम्मा मदनपुर एनएच 130 के टोल प्लाजा में कर वसूली के नियमों पर स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताते हुए टोल प्लाजा को ही उस स्थान से हटाने की मांग पर अड़े, कहा कि नियम विरूद्ध तरीके से उनसे टैक्स लिया जा रहा है। बार-बार शिकायतों के बावजूद निराकरण नहीं करने के कारण 1 जुलाई से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने की बात कही।

रजकम्मा मदनपुर टोल प्लाजा के कर वसूली को लेकर ग्रामीणों द्वारा 1 जुलाई को करने वाले धरना प्रदर्शन के मामले मे कोरबा प्रशासन के द्वारा धरना व विरोध प्रदर्शन नहीं करने के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों कि कटघोरा अनुविभागीय कार्यालय के सभा कक्ष मे बैठक ली गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा सरोज महिलांगे, तहसीलदार कटघोरा भूषण सिंह मंडावी, नायब तहसीलदार, कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी, एनएचआई के अधिकारी, ग्रामीण व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक मे ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने अपनी मांग रखी कि राजकम्मा टोल प्लाजा में आने वाले नजदीकी ग्रामीणों के वाहन का मासिक पास बनायें वही 2 किलोमीटर के अंतर्गत आने वाले वाहन को निशुल्क किया जाए उक्त मांगो को लेकर प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखी, वही प्रशासन व नेशनल हाइवे प्राधिकरण विभाग के अधिकारीयों ने कुछ शर्तो को तो मानी लेकिन कुछ शर्ते नियम के विरुद्ध होने के कारण सहमति नहीं जताई, वही ग्रामीणों ने उक्त मांगो को पूरा करने को लेकर 1 जुलाई को राजकम्मा टोल प्लाजा के पास शांति पूर्ण ढंग से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने कि बात कही।

## बार-बार की धमकी से परेशान युवक ने की कार्रवाई की मांग

**कोरबा।** कम्प्यूटर कॉलेज के पीछे बुधवारी बाजार में रहने वाला युवक अपने भाई द्वारा बार-बार दी जा रही जान से मारने की धमकी एवं गाली-गलौज से बेहद परेशान है। उसने सीएसईबी चौकी पहुंचकर आज शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी को सौंपे शिकायत में हासिम अली पिता स्व. सैय्यद सलीम अली ने कहा है कि वह कम्प्यूटर कॉलेज के पीछे बुधवारी बाजार में रहता है जबकि उसका छोटा भाई वासीब अली रवि डेयरी के पीछे कांशीनगर निवासी है। पिता की मृत्यु के बाद वासीब अली आये दिन अपने दोस्तों के साथ मिलकर उससे गाली-गलौज करता है और जान से मारने की धमकी भी देता है। बार-बार मिल रही धमकी से वह बेहद परेशान है। कभी भी उसके साथ अनहोनी घटना घट सकती है, अत: वासीब अली के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## सहकारी समिति कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने की डीआर से मुलाकात



**कोरबा।** जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ कोरबा के नई कार्यकारिणी के गठन के पश्चात संघ के पदाधिकारी के द्वारा उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं कोरबा पूर्णिमा सिंह एवं नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित कोरबा एस.के. जोशी से सौजन्य मुलाकात कर कर्मचारियों ने समस्याओं पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने की बात रखी है। मुलाकात के समय समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनोद भट्ट, सचिव तुलेश्वर कौशिक, उपाध्यक्ष अशोक दुबे, प्यारेलाल साहू, संरक्षक चंद्रेश कश्यप,वेद प्रकाश वैष्णव, डाकेश्वर पांडे ,ब्लॉक अध्यक्ष पाली लता सिदार, सविता कंवर ,कोरबा ब्लॉक अध्यक्ष दुलीचंद धीवर उपस्थित रहे।

## डीएवी स्कूल का निरीक्षण

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व वेलफेयर कमेटी सदस्यों ने डीएवी स्कूल में चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। इसके पहले इन सदस्यों ने रजगामार कालोनी में जाकर साफ-सफाई अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने साथ में चल रहे अधिकारियों को अवगत भी कराया। मानिकपुर कालोनी में भी जाकर नाली निर्माण एवं सफाई अभियान का निरीक्षण किया। मानिकपुर में कई स्थानों पर नालियां टूटी हुई है, जिसका निर्माण किया जाना है। वेलफेयर कमेटी के सदस्य एस.मूर्ति, सुभाष सिंह, शैलेंद्र सिंह, जे.गिरी एवं अन्य सदस्यों ने रजगामार व मानिकपुर कालोनी के क्लबों का भी अवलोकन किया। रजगामार स्थित सामुदायिक भवन में मरम्मत की जरूरत है।

# निगम की जलापूर्ति व्यवस्था में बाधा, तीन पंप जब्त



**कोरबा।** नलों में टुल्लू पंप लगाकर पेयजल की सुचारू व्यवस्था में बाधक बनने वालों पर निगम ने कार्यवाही करते हुए फायर कॉलोनी, बेलगरी बस्ती व अमर सिंह होटल के पीछे बालको क्षेत्र से 03 टुल्लू पंप की जप्ती की है तथा संबंधितों को चेतावनी दी है कि वह दोबारा टुल्लू पंप न लगाये अन्यथा और अधिक कड़ी कार्रवाई होगी। अर्थ दंड भी लगेगा तथा नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही भी की जाएगी।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा नियमित रूप से सुबह शाम दिन में दो बार शुद्ध पेयजल की आपूर्ति वितरण पाइपलाइन व नल कनेक्शन के माध्यम से निगम क्षेत्र के वार्ड व बस्तियों में की जाती है, निगम का प्रयास रहता है कि सभी घरों में पर्याप्त रूप से पानी पहुंचे तथा नागरिकों को पेयजल को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े , किंतु कतिपय लोगों द्वारा अपने नल कनेक्शन में टुल्लू पंप लगाकर अपने घरों में ज्यादा पानी खींचा जाता है , जिससे अन्य लोगों के घरों में पानी का प्रेशर कम हो जाता है तथा उन्हें आवश्यकता के अनुरूप पानी नहीं मिल पाता है। इस संबंध में प्राप्त शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाईं ने आमजन के हित में टुल्लू पंप लगाने वालों पर कार्रवाई किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। आज निगम के पेयजल विभाग के अधिकारियों ने कार्यवाही करते हुए बालको क्षेत्र की विभिन्न बस्तियों फायर कॉलोनी, बेलगरी बस्ती व अमर सिंह होटल के पीछे स्थित बस्ती में 3 नग टुल्लू पंप जप्त किया।

### लगातार जारी रहेगी कार्यवाही

टुल्लू पंप लगाकर पेयजल आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था में बाधक बनने वालों पर नगर निगम कोरबा द्वारा लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। निगम ने नल कनेक्शन में टिल्लू पंप लगाने वालों को पुन: कड़ी चेतावनी दी है कि वे पंप लगाकर पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन में बाधक न बने, अन्यथा कड़ी कार्रवाई होगी। टुल्लू पंप जप्त करने के साथ ही अर्थ दंड भी लगेगा तथा नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही भी की जाएगी।

### नियमित की जा रही पर जल शुद्धता की जांच

नगर निगम कोरबा के पेयजल विभाग के द्वारा संपूर्ण निगम क्षेत्र के विभिन्न निर्धारित प्वाइंटों पर नियमित रूप से पेयजल शुद्धता की जांच की जा रही है इस हेतु विभिन्न बस्तियों में बिछाई गई पेयजल वितरण पाइपलाइन के विभिन्न प्वाइंटों से पानी के नमूने लेकर उनका मौके पर ही वैज्ञानिक रूप से परीक्षण किया जा रहा है तथा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आपूर्त किए जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप हो ।


शीघ्र आवश्यकता है

| | | |
|---|---|---|
| 1 | लेथ मशीन ऑपरेटर (टर्नर) | 5 पद |
| 2 | मिलिंग मशीन ऑपरेटर | 1 पद |
| 3 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (डिग्री/डिप्लोमा) | 1 पद |
| 4 | इलेक्ट्रिशीयन (एल टी / एच टी पैनल मेन्टेनेंस का अनुभव) | 2 पद |

(कम से कम 5 वर्ष के अनुभवी ही संपर्क करें)

ब्लैक डायमंड इक्यूपमेन्ट्स प्रा.लि.

प्लाट नं.- 156, इंदिरा व्यावसायिक परिसर एवं आवासीय परिसर, टी. पी. नगर - कोरबा

मो. नं. : 9926303360, 9340893546


## अखबार वितरक संघ के सचिव ने प्रशांति वृद्धाश्रम में मनाया जन्मदिन



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ कोरबा जिला इकाई के सचिव जयसिंह नेताम ने अपना जन्मदिन केक काट कर मनाने के बजाय शहर के सर्वमंगल मंदिर में स्थित प्रशांति वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के बीच मनाया।

कोरबा शहर के सर्वमंगल मंदिर में स्थित प्रशांति वृद्धाश्रम जहां वृद्धजनों में महिलाएं एवं पुरुष निवास करते हैं उनके समक्ष छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ जिला कोरबा इकाई ने अपने पदाधिकारी सचिव जय सिंह नेताम का जन्मदिन वृद्ध आश्रम में निवासरत पिता माता समान वृद्धों के बीच मनाया तथा परंपरागत केक काटने के बजाय वृद्ध आश्रम में निवासरत सभी को सल्पाहार कराकर जन्मदिन मनाया जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ प्रदेश के सभी जिलों में सामाजिक गतिविधियों में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं चाहे वह निर्वाचन कार्य हो ,सामाजिक गतिविधियां हो या अखबार वितरकों के समस्याओं से संबंधित हो सभी क्षेत्रों में हम अग्रणी भूमिका निभाकर अखबार वितरकों के लिए सम्मानजनक वातावरण तैयार कर रहे हैं ताकि भविष्य में अखबार वितरक समाज के मुख्य धारा में जुड़े रहे। इस अवसर पर संघ के सर्वश्री रेशम साहू, विपेंद्र कुमार साहू, जयसिंह नेताम, लक्ष्मी राठौर, रविंदर, रामा, तपेश्वर राठौर, राकेश साहू ,अनिल गिरी, राजकुमार पटेल, कृष्ण कुमार निर्मलकर, सुधीश गिरी, प्रिंस साहू , विल्सन, हर्ष नेताम, देव पटेल, दिलीप यादव, सुनील साहू, दीपक, यश नेताम, बजरंग, शुभंकर, ओमकार, अज्जू सम्मिलित हुए।

## कालोनी में किये गए पौधे वितरित

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व केंद्रीय कर्मशाला के अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वच्छता पखवाड़े के तहत कालोनी में जाकर फलदार पौधे वितरित किये। उनके साथ जेसीसी सदस्य दिलीप सिंह, राजेंद्र यादव, राजेश पांडेय, संतोष टंडन, भागवत साहू सहित अन्य सदस्य भी थे। इसी तरह केंद्रीय कर्मशाला गेवरा के एपीएम शैलेंद्र परासर के नेतृत्व में अधिकारियों व कर्मचारियों ने ग्राम ढुरैना में साफ-सफाई अभियान चलाया। जिसके तहत उन्होंने प्लास्टिक सहित कई सामानों को उठाकर फेंका। एसईसीएल गेवरा एरिया में भी स्वच्छता अभियान के तहत चिकित्सालय व डीएवी स्कूल में जाकर साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान रेशमलाल यादव, दीपक उपाध्याय, गोपाल यादव, प्रीतम राठौर आदि उपस्थित थे।

## एमजीएम बालको बना उपविजेता



**कोरबा।** अंबेडकर स्टेडियम बालको में जिला स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें कोरबा जिला के लगभग 10 विद्यालय की फुटबॉल टीम से 160 खिलाड़ी प्रतिभागी एवं 20 कोच मैनेजर सम्मिलित हुए। जिसमें 15 आयु वर्ग में उपविजेता एमजीएम स्कूल बाल्को रहा। और दिनांक 29 जून से 24 जून 2024 को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बिलासपुर प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य फादर पाल पी थॉमस ने कहा विद्यालय के लिए बड़े ही गर्व की बात है साथ ही उन्होंने यह भी कहा की खेल हमारी सामरिकता, साझेदारी , और संघर्ष करने की क्षमता को विकसित करती है। खेल हमें समूह में काम करने , सहयोग करने , और दूसरों की समझ करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे संगठनात्मक कौशल , टीमवर्क , और नेतृत्व को प्रभावित करता है। सफलता पर प्रतिभागी विद्यार्थी एवं प्रभारी शिक्षक आर एल भारद्वाज को शुभकामनाएं एवं बधाई संदेश प्रेषित किया।


AXOR | Vega

ISI हेलमेट उपलब्ध



वेगा कंपनी के हेलमेट के विभिन्न वेरायटी उपलब्ध है।

वासु टायर्स

गायत्री मंदिर के पास, टी.पी.नगर, कोरबा (छ.ग.)

7828364476



होटल आकाश

तरुण छत्तीसगढ़ के बगल में, तिलक मार्ग बुधवारी बायपास रोड, कोरबा (छ.ग.)

सर्व सुविधायुक्त रूम एवं हॉल उपलब्ध

हॉल -

400Sq.ft. से लेकर 2500Sq.ft. तक

15 से लेकर 300 व्यक्तियों की व्यवस्था

बर्थडे पार्टी, तिलक समारोह, कीटी पार्टी एवं हर प्रकार के सामाजिक समारोह के लिए आपके बजट पर हमेशा तैयार मिलेगा ।



संपर्क करें 9425223290, 8908530000, 8103865081


स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com